वर्ष : 34 ➤ अंक :20 ➤ पृष्ठ : 8 ➤ मुंबई, शुक्रवार, 28 मार्च 2025 ➤ RNI: MAHHIN/49994/91 ➤ मूल्य : 3 रुपए ➤ epaper.dobajedopahar.com ➤ संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

प्रधानमंत्री मोदी का 'महा'दौरा

- 30 मार्च को आएंगे नागपुर
- आरएसएस संस्थापक के स्मारक का दौरा करेंगे प्रधानमंत्री मोदी
- दीक्षाभूमि भी जाएंगे पीएम मोदी

एजेंसी । नागपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को नागपुर दौरे पर रहेंगे, जहां वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के स्मारक जाएंगे और माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर के विस्तार भवन की आधारशिला रखेंगे। मोदी नागपुर के रेशिमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर भी जाएंगे, जहां आरएसएस के द्वितीय सरसंघचालक एम. एस. गोलवलकर का स्मारक भी स्थित है। इसके अलावा, वे दीक्षाभूमि भी जाएंगे, जहां 1956 में डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म ग्रहण किया था। प्रधानमंत्री मोदी सोलर एक्सप्लोसिव प्लांट का भी दौरा करेंगे। इस दौरान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी उनके साथ उपस्थित रहेंगे।

भव्य स्वागत की तैयारी

महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुल ने गुरुवार को ये जानकारी दी। बावनकुले ने बताया कि प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए शहर के 47 चौराहों पर विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार हेडगेवार स्मारक जाएंगे मोदी

आरएसएस के इतिहासकारों के अनुसार, ये पहला मौका है जब कोई प्रधानमंत्री डॉ. हेडगवार स्मृति मंदिर परिसर का दौरा करेगा। वर्ष 2007 में अटल बिहारी वाजपेयरी यहां आए थे लेकिन उस वक्त वो प्रधानमंत्री नहीं थे। मोदी प्रचारक के तौर पर यहां पहले आ चुके हैं लेकिन प्रधानमंत्री के रूप में ये उनका पहला दौरा है। 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी और संघ प्रमुख भागवत की ये तीसरी, और 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद सार्वजनिक तौर पर मुलाकात वाला ये पहला कार्यक्रम होगा – और ये पहला मौका होगा, जब देश का कोई प्रधानमंत्री आरएसएस के मुख्यालय में जा रहा हो. ठीक पहले, पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के भी नागपुर दौरे की काफी चर्चा रही. और हां, प्रधानमंत्री बनने के बाद ये पहली बार है, जब नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के किसी दफ्तर में जाएंगे, जबकि मुख्यधारा की राजनीति में आने से पहले वो संघ में ही काम करते थे.

दोपहर विश्लेषण

मोदी का ये दौरा ऐसे वक्त हो रहा है, जब संघ और बीजेपी के बीच सबकुछ पहले जैसा नहीं हो सका है, और अगले ही महीने बीजेपी का नया अध्यक्ष चुना जाना है। संघ और बीजेपी के बीच टकराव की नौबत मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा के एक बयान के बाद आई जब वो पार्टी को चुनाव जीतने के लिए हर तरह से सक्षम बता बैठे, यानी संघ की मदद की कोई जरूरत नहीं रही। खैर जिस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नागपुर में कार्यक्रम है, उसी दिन गुड़ी पड़वा है। मराठी नववर्ष के शुरू होने का दिन। अव्वल तो प्रधानमंत्री मोदी वहां माधव नेत्र चिकित्सालय की नींव रखने वाले हैं, लेकिन राजनीतिक महत्व तो मोहन भागवत सहित संघ नेताओं से बंद कमरों में होने वाली बैठक है। ये मुलाकात ऐसे समय हो रही है, जब जल्दी ही बीजेपी को नया अध्यक्ष मिलने वाला है। और सब लोग ये भी जानते हैं कि संघ की हरी झंडी के बगैर बीजेपी अध्यक्ष कोई नहीं बन सकता। बीजेपी अध्यक्ष के नाम पर चर्चा के अलावा संघ मुख्यालय बैठक में जनसंख्या नीति और धर्मांतरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा होने की संभावना है।

70 इमारतें बेहद खतरनाक

- म्हाडा जारी करेगी ध्वस्तीकरण नोटिस
- 500 इमारतों का सर्वेक्षण पूरा हुआ

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

दक्षिण मुंबई में म्हाडा की मुंबई बिल्डिंग मरम्मत और पुनर्निर्माण बोर्ड के तहत आने वाली 70 से अधिक इमारतों को अत्यंत खतरनाक घोषित किया गया है। यह निष्कर्ष बोर्ड द्वारा कराए गए संरचनात्मक ऑडिट में सामने आया है। म्हाडा के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन इमारतों में रहने वाले निवासियों को जल्द ही बेदखली नोटिस जारी किया जाएगा।

सैकड़ों इमारतें जर्जर, कई ढहने की कगार पर

मुंबई बिल्डिंग मरम्मत और पुनर्निर्माण बोर्ड के ए, बी और सी डिविजन में कुल 19,642 भवन अधिग्रहित थे, जिनमें से 16,502 इमारतें 1 सितंबर 1940 से पहले बनी थीं। कई इमारतें पहले ही ढह चुकी हैं, जबकि कई अत्यंत जर्जर हालत में हैं। वर्तमान में 13,091 इमारतें उपकर प्रणाली के तहत आती हैं। अधिकांश इमारतें 100 साल से अधिक पुरानी होने के कारण बेहद कमजोर हो चुकी हैं।

प्री-मानसून सर्वेक्षण और संरचनात्मक ऑडिट जारी

हर साल मानसून से पहले म्हाडा द्वारा इन इमारतों का सर्वेक्षण किया जाता है और अत्यधिक खतरनाक पाई गई इमारतों के निवासियों को ट्रांजिट शिविरों में भेजा जाता है। इस साल बोर्ड ने सभी भवनों का संरचनात्मक ऑडिट कराने का निर्णय लिया, जिसमें अब तक 500 इमारतों का ऑडिट पूरा हो चुका है। इनमें से 70 से अधिक इमारतें रहने लायक नहीं पाई गई हैं।

वैकल्पिक आवास की समस्या बनी चुनौती

म्हाडा के पास मुंबई शहर में पर्याप्त ट्रांजिट सेंटर नहीं हैं, जिससे निवासियों के पुनर्वास का मुद्दा गंभीर हो सकता है। उपनगरों में ट्रांजिट शिविर उपलब्ध हैं, लेकिन शहर के लोग वहां जाने को तैयार नहीं हैं, जिससे बोर्ड को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। अधिकारियों का कहना है कि शेष इमारतों का ऑडिट जारी है और जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज़ ब्रीफ

श्रीलंकाई नौसेना ने 11 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना ने इस द्वीपीय देश के जलक्षेत्र में कथित तौर पर अवैध तरीके से मछलियां पकड़ने के आरोप में गुरुवार को भारत के 11 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौका जब्त कर ली। एक आधिकारिक घोषणा में यह जानकारी दी गई। नौसेना ने कहा कि ये गिरफ्तारियां डेल्फ्ट द्वीप के उत्तरी समुद्री क्षेत्र में 'विशेष अभियान' के दौरान की गईं। इसके तहत 11 मछुआरों को कांकेसंथुरई बंदरगाह लाया गया और कानूनी कार्यवाही के लिए उन्हें मैलाडी के मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा।

महाराष्ट्र को कम्युनल लेबोरेटरी बनाने का हो रहा प्रयास : आव्हाड

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) ने भाजपा और महाराष्ट्र की महायुति सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के वरिष्ठ नेता जितेंद्र आव्हाड ने आरोप लगाया कि गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की तरह अब महाराष्ट्र को भी ₹सांप्रदायिक प्रयोगशाला₹ बनाने की कोशिश की जा रही है।महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी की हार के बाद राकांपा (शरद) की यह पहली राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक थी। इस दौरान आव्हाड ने देश में हो रही राजनीति को ₹खतरनाक₹ करार देते हुए कहा कि राकांपा (शरद) की विचारधारा ही महाराष्ट्र और देश को इस स्थिति से बचा सकती है।

बुरे फंसे कामरा

- सभापति ने विशेषाधिकार हनन नोटिस किया स्वीकार
- विशेषाधिकार समिति नोटिस की करेगी समीक्षा

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधान परिषद ने स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस स्वीकार कर लिया है। कामरा पर हाल में एक कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का कथित रूप से अपमान करने का आरोप है। नोटिस में शिवसेना (यूबीटी) नेता सुषमा अंधारे का भी नाम है। महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति राम शिंदे ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने 'गद्दार' शब्द के जरिये कटाक्ष को लेकर कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस स्वीकार कर लिया है और इसे विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष प्रसाद लाड को भेज दिया है। प्रस्ताव के संबंध में आगे की कार्रवाई समिति द्वारा तय की जायेगी।

मुंबई पुलिस का कुणाल कामरा को समन

मुंबई पुलिस ने स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ एक शो के दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए एफआईआर दर्ज की है। इसी मामले में कुणाल को मुंबई पुलिस ने 31 मार्च को खार पुलिस स्टेशन बुलाया है। जहां उनसे इस मामले में पूछताछ की जाएगी।

मजबूत नींव के बगैर मजबूत इमारत नहीं बन सकती : राहुल गांधी

- विचारधारा को लागू करने के लिए सत्ता जरूरी: खरगे
- 13 राज्यों के जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की बैठक

नई दिल्ली। लगातार कई विधानसभा चुनावों में शिकस्त के बाद कांग्रेस ने संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कमेटियों को मजबूत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जिला कमेटियों को कांग्रेस की नींव करार देते हुए कहा कि मजबूत नींव के बगैर मजबूत इमारत नहीं बन सकती। जिला अध्यक्षों की निर्धारित तीन में से पहली बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सभी जिला अध्यक्षों को भाजपा व आरएसएस के खिलाफ लड़ाई को सड़कों और घर-घर तक ले जाने की हिदायत दी है। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में करीब साढ़े तीन घंटे तक चली जिला अध्यक्षों की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई।

विचारधारा और वोटर लिस्ट पर चर्चा

बैठक में सबसे ज्यादा चर्चा विचारधारा और वोटर लिस्ट को लेकर हुई। पार्टी अध्यक्ष खरगे ने महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए मतदाता सूची प्रबंधन पर जोर दिया। वहीं, हर राज्य से करीब दो जिला अध्यक्षों ने भी जिला कांग्रेस कमेटियों को मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि चर्चा के दौरान जिला अध्यक्षों की राय से उम्मीदवारों के चयन पर भी बात हुई।

राज्य ग्राहक हेल्पलाइन बंद

1 अप्रैल से राष्ट्रीय ग्राहक हेल्पलाइन में होगा विलय

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

प्रदेश सरकार ने राज्य ग्राहक हेल्पलाइन को बंद करने का निर्णय लिया है। राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति व ग्राहक संरक्षण विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी किया है। कंज्यूमर गाइडेंस सोसायटी ऑफ इंडिया के माध्यम से संचालित यह हेल्पलाइन 31 मार्च 2025 दोपहर के बाद से बंद कर दी जाएगी और 1 अप्रैल से राष्ट्रीय ग्राहक हेल्पलाइन में इसका विलय होगा।

राष्ट्रीय हेल्पलाइन पर मिलेगा शिकायत निवारण

ग्राहक अब अपनी शिकायतों का निवारण राष्ट्रीय ग्राहक हेल्पलाइन के माध्यम से करा सकेंगे, जो अदालत में मामला जाने से पहले उपभोक्ताओं को एक मंच प्रदान करती है। यह सेवा पूरे देश के ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी।

17 भाषाओं में कर सकेंगे शिकायत दर्ज

राष्ट्रीय ग्राहक हेल्पलाइन टोल-फ्री नंबर 1915 के माध्यम से हिंदी, मराठी, अंग्रेजी, मैथली, पंजाबी, गुजराती, तेलुगु समेत 17 भाषाओं में शिकायतें दर्ज की जा सकेंगी। इसके अलावा ग्राहक https://consumerhelpline.gov.in वेब पोर्टल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए भी शिकायत कर सकते हैं। केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग ने राज्य सरकार को पत्र भेजकर हेल्पलाइन के राष्ट्रीय स्तर पर एकीकरण का सुझाव दिया था। ग्राहकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए यह कदम उठाया गया है।

त्र्यंबकेश्वर को मिला 'ए' श्रेणी तीर्थ स्थल का दर्जा

- 2027 सिंहस्थ कुंभ मेले की तैयारी के तहत बड़ा फैसला

एजेंसी । नासिक

नासिक जिले के प्रसिद्ध त्र्यंबकेश्वर मंदिर को महाराष्ट्र सरकार ने 'ए' श्रेणी तीर्थ स्थल का दर्जा दिया है। यह निर्णय 2027 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले की पृष्ठभूमि में लिया गया है। सरकार का दावा है कि इस फैसले से श्री त्र्यंबकेश्वर क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

शहरी विकास विभाग ने जारी किया आदेश

शहरी विकास विभाग ने गुरुवार को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया। श्री क्षेत्र त्र्यंबकेश्वर भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है और दक्षिण भारत के सबसे पवित्र स्थलों में गिना जाता है। यहां हर 12 साल में सिंहस्थ कुंभ मेला, गंगा गोदावरी उत्सव, संत निवृत्तिनाथ महाराज यात्रा और श्रावण मास प्रदक्षिणा जैसे धार्मिक आयोजन होते हैं, जिनमें लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं।

सड़क हादसों का 'महा'राष्ट्र

- महाराष्ट्र में पांच वर्षों में 75 हजार सड़क दुर्घटनाएं
- तेज रफ्तार, मोबाइल का इस्तेमाल और नशे में ड्राइविंग हादसे की बड़ी वजहें

मुंबई/नई दिल्ली। महाराष्ट्र में वर्ष 2018 से 2022 के बीच लगभग 75 हजार सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इनमें तेज गति से वाहन चलाना, मोबाइल का इस्तेमाल और नशे की हालत में गाड़ी चलाना मुख्य कारण बताए गए हैं। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में शिवसेना (शिंदे गुट) के सांसद रविन्द्र वायकर और नरेश म्हस्के के सवाल के लिखित जवाब में दी।

राष्ट्रीय और प्रादेशिक राजमार्गों पर हजारों हादसे

गडकरी ने बताया कि इन पांच वर्षों में महाराष्ट्र के राष्ट्रीय राजमार्गों (नेशनल हाइवे) पर 41,134 दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि प्रादेशिक मार्गों (स्टेट हाइवे) पर 33,717 सड़क हादसे हुए।

सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन से बढ़ रही दुर्घटनाएं

आंकड़ों के मुताबिक, सड़क दुर्घटनाओं की प्रमुख वजहों में तेज रफ्तार, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग, गलत दिशा में गाड़ी चलाना, लाल बत्ती का उल्लंघन, हेलमेट और सीट बेल्ट न पहनना और सड़क की खराब स्थिति शामिल हैं। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नियमों के कड़ाई से पालन की जरूरत है ताकि इन दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

तीन साल में चलती ट्रेन में 589 बच्चों का जन्म

आरपीएफ की महिला सिपाहियों का सराहनीय मानवीय कार्य

एजेंसी । नई दिल्ली

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) का प्रमुख कार्य भारतीय रेल की संपत्ति और रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। लेकिन अपनी ड्यूटी से इतर आरपीएफ महिला सिपाहियों ने गत तीन साल में चलती ट्रेन में प्रसव पीड़ा से ग्रस्त 580 महिलाओं को सकुशल बच्चे को जन्म दिलाने में मदद की है। रेलवे का कहना है कि यह आरपीएफ के व्यापक मानवीय दृष्टिकोण का हिस्सा है।

मिशन मातृ शक्ति के तहत मिल रही सहायता

रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ट्रेन में महिलाओं को सुरक्षित सफर का एहसास कराने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इसमें मिशन मातृ शक्ति के तहत आरपीएफ महिला सिपाही ट्रेन में गृर्भवती महिलाओं की मदद कर रही है। उन्होंने बताया कि सफर के दौरान किसी महिला के प्रसव पीड़ा होने पर महिला सिपाही अगले स्टेशन पर चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने का प्रबंध करती हैं। इसमें रेलवे अस्पताल के डाक्टर, नर्स व पैरा मेडिकल स्टाफ स्टेशन पर पहुंच जाते हैं। लेकिन कई मामलों में प्रसव पीड़ा बढ़ने पर महिला सिपाही कोच के भीतर ही गर्भवती महिला की डिलवरी कराने के लिए प्राइवेट स्पेस का इंतजाम करती हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 से 2024 के दौरान आरपीएफ महिला सिपाहियों ने 589 गृर्भवती महिलाओं की सुरक्षित डिलवरी कराई, जिसमें जच्चा-बच्चा दोनों स्वास्थ्य थे। इसके बाद अगले स्टेशन पर आरपीएफ ने एबुलेंस का इंतजाम कर उनको अस्पताल में भर्ती कराया। अधिकारी ने बताया कि 2024 में 174 बच्चों ने ट्रेन में जन्म लिया।

मिशन सहेली के तहत महिलाओं से संपर्क

आरपीएफ महिला सिपाही मिशन मेरी सहेली के तहत प्रतिदिन 12,900 महिला रेल यात्रियों से संपर्क करती हैं। महिला सिपाही लोकल और पैसेंजर ट्रेन में सफर करने वाली महिलाओं से उनके अनुभवों की जानकारी लेती हैं। महिला रेल यात्रियों के सुझाव-शिकायत के आधार पर आरपीएफ अपनी रणनीति में सुधार करती है।

मिशन जीवन रक्षा: 3200 यात्रियों की बचाई जान

आरपीएफ ने मिशन जीवन रक्षा के तहत महिला-पुरुष सिपाहियों की ड्यूटी प्लेटफार्म पर लगाना शुरू कर दिया है। इसमें आरपीएफ का मुख्य कार्य प्लेटफार्म से ट्रेन के सुकुशल संचालन रहता है। लेकिन आरपीएफ जवानों ने चलती ट्रेन में चढ़ने-उतरने के प्रयास में प्लेटफार्म के नीचे गिरकर कटने से 3200 से अधिक यात्रियों की जान बचाई है। अधिकारी ने बताया कि यह जवान ट्रेन चलने पर अधिक सर्तकता बरतते हैं।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

नाइट जूनियर कॉलेजों के अंशकालिक शिक्षक पेंशन के हकदार नहीं: बॉम्बे हाई कोर्ट

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि नाइट जूनियर कॉलेजों में कार्यरत अंशकालिक शिक्षक महाराष्ट्र निजी विद्यालयों के कर्मचारी (सेवा की शर्तें) विनियमन अधिनियम, 1977 (एमईपीएस) के तहत पेंशन लाभ के हकदार नहीं हैं। अदालत ने एक शिक्षक की याचिका खारिज करते हुए अपने 2006 के निर्णय को बरकरार रखा, जिसमें कहा गया था कि रात्रि विद्यालयों के शिक्षक पूर्णकालिक कर्मचारी नहीं माने जा सकते। न्यायमूर्ति रवींद्र वी. घुगे और न्यायमूर्ति अश्विन डी. भोबे की खंडपीठ ने एक सेवानिवृत्त नाइट स्कूल शिक्षक की पेंशन की मांग को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि महाराष्ट्र सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1982 और एमईपीएस अधिनियम के तहत अंशकालिक सेवा पेंशन के लिए योग्य नहीं मानी जाती। रात्रि विद्यालय प्रतिदिन केवल 2.5 से 3 घंटे संचालित होते हैं और उनके शिक्षकों को अंशकालिक कर्मचारी के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। याचिकाकर्ता रजनी राजन दीक्षित ने दलील दी कि उनकी 29 वर्षों की सेवा को आनुपातिक रूप से पूर्णकालिक सेवा के रूप में गिना जाना चाहिए। उन्होंने 2017 के सरकारी संकल्प और अन्य अदालती फैसलों का हवाला देते हुए पेंशन का दावा किया था। लेकिन सरकारी वकील पी. पी. काकड़े ने बताया कि एमईपीएस के नियम 19 के अनुसार पेंशन पात्रता के लिए पूर्णकालिक सेवा आवश्यक है, जबकि नियम 57 में अंशकालिक कर्मचारियों को शामिल नहीं किया गया है।रजनी राजन दीक्षित 1984 में सोलापुर के छत्रपति शिवाजी नाइट जूनियर कॉलेज में अंशकालिक शिक्षिका के रूप में नियुक्त हुई थीं और 2014 में सेवानिवृत्त हुईं। 1993 में स्कूल ट्रिब्यूनल ने उन्हें पूर्णकालिक शिक्षिका घोषित किया था, लेकिन 2006 में हाई कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया था। इसके बावजूद दीक्षित ने बार-बार पेंशन के लिए दावा किया, जिसे अब अदालत ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि 2006 के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती नहीं दी गई, इसलिए अब इसे अंतिम माना जाएगा। इस फैसले के बाद अन्य नाइट स्कूल शिक्षकों के लिए भी पेंशन का रास्ता बंद हो गया है।

IT इंजीनियर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पुणे की एक आईटी इंजीनियर युवती के साथ कथित तौर पर मुंबई में सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। एफआईआर के अनुसार, आरोपियों ने कोल्ड ड्रिंक में नशे की गोलियां मिलाकर युवती को बेहोश किया और फिर होटल व कार में उसके साथ वारदात को अंजाम दिया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़िता की आपत्तिजनक तस्वीरें खिंचकर उसको वायरल करने की धमकी दी। उसके पास मौजूद कुछ नकदी व दो आईफोन भी छीन लिए। पुलिस के अनुसार, मूल रूप से कर्नाटक निवासी पीड़िता पुणे की एक आईटी कंपनी में काम करती है। 2011 में उसकी पहचान फेसबुक के जरिए कांदिवली निवासी आरोपी से हुई। दोनों की दोस्ती मजबूत होने पर आरोपी ने युवती से शादी करने की बात कही और उसको भरोसे में लेकर मुंबई बुलाया।

जब्त बाइकों के मालिक लापता, पुलिस करेगी नीलामी

साल भर से लावारिस खड़ी हैं 15 बाइक

धर्मेंद्र उपाध्याय । ठाणे

ठाणे की नौपाड़ा ट्रैफिक पुलिस द्वारा विभिन्न अपराधों में जब्त की गई करीब 15 बाइकों के मालिक अब तक सामने नहीं आए हैं। पुलिस के अनुसार, यदि वाहन मालिक अगले आठ से दस दिनों में अपने दस्तावेजों के साथ बाइक नहीं लेते, तो इन बाइकों की नीलामी की जाएगी।

कानूनी प्रक्रिया पूरी, फिर भी वाहन नहीं ले रहे मालिक

2024 के दौरान ट्रैफिक पुलिस द्वारा नशे में ड्राइविंग और अन्य अपराधों में एमएच 04 एफई 2310, एमएच 02 बीएल 0020, एमएच 04 एफसी 0322, एमएच 14 एक्स 3056 समेत 15 दोपहिया वाहन जब्त किए गए थे। इन वाहनों की कानूनी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन अब तक मालिक इन्हें लेने नहीं पहुंचे। इससे पुलिस पर अतिरिक्त रखरखाव का बोझ बढ़ गया है।

मलेरिया का प्रकोप बढ़ा

एक साल से लावारिस खड़ी इन गाड़ियों के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। हालांकि, पुलिस नियमित धुआं और फवारीकरण कर रही है, लेकिन फिर भी मलेरिया फैलने का खतरा बना हुआ है। पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द इन वाहनों का निपटारा करना चाहता है ताकि यह समस्या खत्म हो सके।

नीलामी से पहले अंतिम चेतावनी

नौपाड़ा ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक गौरी मोरे ने बताया कि ये सभी बाइक तीन हात नाका फ्लाईओवर के नीचे पार्क हैं। वाहन मालिक अपने दस्तावेज जमा कर वाहन ले जाएं, अन्यथा आठ दिन बाद नीलामी कर दी जाएगी। बाइक लेने के लिए पुलिस कांस्टेबल अभिजीत भट्ट (+91 8369570326) से संपर्क करने की अपील की गई है।

स्कूल के बाहर बह रहा गटर का पानी

बच्चों की सेहत पर खतरा, अभिभावकों ने जताई नाराजगी

संदीप कसालकर । मुंबई

जोगेश्वरी पूर्व के गांधीनगर स्थित बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) पब्लिक स्कूल के प्रवेशद्वार के सामने गटर का पानी लगातार बह रहा है, जिससे छात्रों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इस बदबूदार पानी के कारण स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को परेशानी हो रही है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

शिकायतों के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं

स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने कई बार बीएमसी से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन की लापरवाही के चलते स्कूल परिसर के आसपास गंदगी बढ़ रही है, जिससे बच्चों की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

तत्काल कार्रवाई की मांग

इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए अभिभावकों के साथ-साथ शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के युवा सेना उपसचिव अमित पेडणेकर ने बीएमसी से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सवाल यह है कि आखिर कब तक बच्चों की सेहत से खिलवाड़ जारी रहेगा?

65 अवैध इमारतों के निवासियों को नहीं किया जाएगा बेघर: मुख्यमंत्री फडणवीस

विधानमंडल में चर्चा के दौरान सीएम ने दी जानकारी

डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली

डोंबिवली में 65 अवैध रूप से बनी महारेरा पंजीकृत इमारतों के निवासियों को किसी भी हालत में बेघर नहीं होने दिया जाएगा। अवैध निर्माण के मुद्दे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सरकार इन निवासियों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सक्षम है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि ये अवैध इमारतें नगर निगम अधिकारियों के संरक्षण में बनी हैं। भ्रष्ट अधिकारी इन निर्माणों को बढ़ावा देकर सेवानिवृत्त हो जाते हैं, लेकिन अब ऐसे अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि मुंबई महानगर क्षेत्र में अवैध निर्माण को समर्थन देने वाले अधिकारियों को जेल भेजा जाएगा।

शिवसेना (ठाकरे गुट) ने दी आंदोलन की चेतावनी

मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद शिवसेना (ठाकरे गुट) के जिला प्रमुख दीपेश म्हात्रे ने उनका धन्यवाद किया और कहा कि अगर निवासियों को न्याय नहीं मिला, तो शिवसेना सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने अधिकारियों और भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद राहत की उम्मीद

विधायक रवींद्र चव्हाण ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इन निवासियों को राहत देने की मांग की। हाल ही में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और अन्य नेताओं के साथ मुख्यमंत्री की बैठक हुई, जिसमें अवैध निर्माण के पीड़ितों को सुरक्षा देने पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री के वादे के बाद निवासियों को उम्मीद जगी है कि वे बेघर नहीं होंगे। वहीं इस मामले में मुख्यमंत्री फडणवीस ने विधानमंडल में कहा कि सरकार हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की योजना बना रही है।

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बना निर्माण

मुख्यमंत्री ने बताया कि भू-माफियाओं ने सरकारी जमीनों पर कब्जा कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। इन दस्तावेजों के जरिए फर्जी बिल्डिंग परमिट और महारेरा पंजीकरण प्रमाण पत्र हासिल किए गए। इन्हीं प्रमाणों को देखकर नागरिकों ने विश्वास के साथ इन इमारतों में घर खरीदे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें निवासियों की कोई गलती नहीं है और सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

499 अवैध इमारतों में से 84 गिराई गईं

कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र में कुल 499 इमारतों को अनधिकृत घोषित किया गया है, जिनमें से 58 मामलों में भू-माफियाओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और 84 इमारतों को गिराया जा चुका है। अदालत के आदेश के बाद जब डोंबिवली की 65 अवैध इमारतों के निवासियों को बेदखल करने की नौबत आई, तो विधायक रवींद्र चव्हाण और शिवसेना (ठाकरे गुट) के जिला प्रमुख दीपेश म्हात्रे उनके समर्थन में खड़े हो गए।

बकाया पानी बिल धारकों पर सख्ती

ठाणे मनपा ने काटे 129 कनेक्शन

सालभर में 12,790 कनेक्शन किए गए खंडित

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) के जल आपूर्ति विभाग ने बकाया पानी बिल धारकों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए बुधवार को 129 उपभोक्ताओं के जल कनेक्शन काट दिए। वर्षभर में अब तक कुल 12,790 कनेक्शन खंडित किए जा चुके हैं।

136 करोड़ रुपए की वसूली, अभय योजना अगले साल नहीं

अब तक 136 करोड़ रुपए की बिल वसूली की जा चुकी है, जो पिछले साल की तुलना में 13 करोड़ रुपये अधिक है। मार्च के अंत तक बकाया भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की जलापूर्ति अप्रैल के पहले सप्ताह में बंद कर दी जाएगी। साथ ही, 100 प्रतिशत ब्याज माफी की अभय योजना अगले साल लागू नहीं होगी। यह योजना 31 मार्च 2025 तक ही वैध रहेगी।

बड़े परिसरों और व्यावसायिक इकाइयों पर कार्रवाई

जल विभाग द्वारा बड़े आवासीय परिसरों, टावरों और वाणिज्यिक ग्राहकों पर विशेष रूप से कार्रवाई की जा रही है। अब तक 13,402 उपभोक्ताओं को नोटिस भेजे जा चुके हैं। उपनगर अभियंता विनोद पवार के अनुसार, 2,361 मोटर पंप जब्त कर लिए गए हैं और 676 पंप रूम सील किए गए हैं।

अप्रैल से होगी और सख्ती

मनपा प्रशासन ने साफ कर दिया है कि मार्च के अंत तक बकाया न चुकाने वाले उपभोक्ताओं की जलापूर्ति बाधित कर दी जाएगी और उन पर प्रशासनिक जुर्माना भी लगाया जाएगा।

मनपा आयुक्त ने दिए राजस्व लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

मनपा आयुक्त सौरभ राव ने विभागीय समीक्षा बैठक में सभी विभागों को राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को मार्च के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जल विभाग ने अब तक बकाया और चालू बिलों में से 225 करोड़ रुपये की कुल राशि में से 136 करोड़ रुपये वसूल कर लिए हैं।

ठाणे में पेड़ों की खतरनाक शाखाओं की छंटाई मार्च से शुरू

मनपा ने मानसून से पहले तेज किया अभियान

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

हर साल मानसून से पहले मई-जून में किए जाने वाले पेड़ों की खतरनाक शाखाओं की छंटाई का काम इस बार दो महीने पहले, मार्च से ही शुरू कर दिया गया है। ठाणे मनपा के अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी ने बताया कि यह कदम संभावित खतरों को टालने के लिए उठाया गया है।

प्रमुख स्थानों पर हो रही छंटाई

मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार, शहर की प्रमुख सड़कों, फुटपाथों, स्कूलों, अस्पतालों, पार्कों, बस स्टॉप और आवासीय क्षेत्रों में खतरनाक शाखाओं की छंटाई की जा रही है। अब तक 6367 पेड़ों की शाखाएं काटने का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है।

विभिन्न क्षेत्रों में हो रहा सर्वेक्षण

नौपाड़ा-कोपारी (954), उथलसर (798), लोकमान्य नगर-सावरकर नगर (787), वागले (737), मजीवाड़ा-मानपाड़ा (1091), वर्तकनगर (1301), कलवा (423), मुंब्रा-दिवा (276) समेत कई इलाकों में पेड़ों का निरीक्षण किया गया है। अब तक 150 सूखे पेड़ों को चिह्नित कर लिया गया है, जिन्हें कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद हटाया जाएगा।

बकाया राशि के चलते संपत्तियां सील

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

महानगर पालिका आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ के निर्देश पर विभिन्न वार्डों में बकाया संपत्ति कर न भरने के कारण कई संपत्तियों को सील करने की सख्त कार्रवाई की गई।

1/अ वार्ड में बड़ी कार्रवाई

संपत्ति कर निर्धारण एवं संग्रहण विभाग की उपआयुक्त स्वाती देशपांडे-कुलकर्णी की उपस्थिति में सहायक आयुक्त प्रमोद पाटील ने 37,93,893 की बकाया राशि के चलते एस.बी.आई. बैंक के एटीएम को सील किया। वहीं, नांदप रोड, टिटवाला स्थित जी.आर. पाटील स्कूल की दो कार्यालयों को 1,29,75,685 की बकाया राशि के कारण सील किया गया।

4/जे वार्ड में विकासक की संपत्ति सील

सहायक आयुक्त सचिन तामखेडे ने शक्तीधाम स्थित एक विकासक के कार्यालय को 93,63,847 की बकाया राशि के कारण सील किया। साथ ही, के.एस.ए. विकासक की संपत्ति (क्र. B02002417600) को 3,32,651 की बकाया राशि के चलते सील किया गया।

7/ह और 9/आ वार्ड में कार्रवाई

सहायक आयुक्त राजेश सावंत ने डोंबिवली (पश्चिम) महाराष्ट्र नगर में विकासक किरतकर के कार्यालय को 35 लाख की बकाया राशि के कारण सील किया। इसके अलावा, व्होरा हाईट्स की संपत्ति (क्र. H12023294900) को 29,237 की बकाया राशि न चुकाने पर सील किया गया।न वहीं 9/आ वार्ड में सहायक आयुक्त भारत पवार ने मलंग रोड स्थित इसार पेट्रोल पंप को 3,15,000 की बकाया राशि के कारण सील किया।

चेन्नई में जाफर के एनकाउंटर के बाद ठाणे पुलिस अलर्ट

डीबीडी संवाददाता । ठाणे



चेन्नई पुलिस ने बुधवार को मुठभेड़ में ईरानी गिरोह के कुख्यात लुटेरे जाफर गुलाम हुसैन ईरानी को मार गिराया। जाफर महाराष्ट्र के ठाणे जिले के ईरानी इलाके का रहने वाला था और कल्याण के अंबिवली इलाके में स्थित ईरानी बस्ती में रहता था। जाफर के मारे जाने के बाद बृहस्पतिवार को ठाणे पुलिस ने ईरानी बस्ती में सुरक्षा बढ़ा दी है। अंबिवली स्टेशन के पास स्थित यह इलाका ईरानी गिरोह से जुड़े कई चेन-स्नेचरों और मोटरसाइकिल चोरों का गढ़ माना जाता है। चेन्नई में एनकाउंटर की खबर आने के बाद यहां अजीब सी खामोशी छा गई है।

इलाके में बढ़ाई गई सुरक्षा

खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि जाफर के परिवार को घटना की जानकारी दे दी गई है। ठाणे पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई

SRA/ARES/O२०२५/६८३२
सहकार कक्ष, झो.पु.प्रा. दिनांकः २७/०३/२०२५.

-: सर्वसाधारण सभा घेण्यासाठीची नोटीस :-

सिध्दीविनायक वेल्फेअर एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था (नियो), उत्तर भारतीय रेसिडेन्टस एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था (नियो), न.भू.क्र. २०३ अ (भाग), मौजे मुलुंड, ता. कुर्ला, विभाग टी, विद्यालय मार्ग, मोनिका बिल्डींग समोर, भोईर नगर, मुलुंड (पूर्व), मुंबई ४०० ०८१ या संस्थेचा प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १४४ (ड) नुसार -प्रस्ताव या विभागास प्राप्त झालेला आहे. सदर प्रस्तावाच्या अनुषंगाने सदर संस्थेची सर्वसाधारण सभा आयोजित करणेकरीता मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था, (पुर्व व पश्चिम उपनगरे), झोपुप्रा यांनी दि. २०/०३/२०२५ रोजीच्या टिप्पणीद्वारे माजी नियुक्ती केलेली आहे.

त्यानुसार प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १४४ (ड) नुसार सदर संस्थेची सर्वसाधारण सभा दि. १७/०४/२०२५ रोजी, सकाळी १० वाजता, स्थळ : वैश्यज्ञाती विकास मंडळ, सार्वजनिक वाचनालय, न.भू. क्र. २०२, क/४, महाकाली नगर, विद्यालय मार्ग, नलिनी यशवंत दौडे विद्यालयाच्या बाजुला, मुलुंड (पूर्व), मुंबई ४०० ०८१ येथे आयोजित करण्यात आलेली आहे. तरी सदर वेळेस संस्थेतील सर्व झोपडीधारकांनी मतदानासाठी उपस्थित रहावे, ही विनंती.

-: सभेपुढील विषय :-

१) संस्थेचे मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांची निवड करणे.
२) संस्थेचे विकासक व वास्तुविशारद यांची निवड करणे.

ठिकाण : मुंबई
दिनांक : २७/०३/२०२५.

सही/-
(अरविंद जे. कांबळे)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी श्रेणी २, झोपुप्रा,
बृहन्मुंबई

सुचना :

१. सदर सभेस फक्त संस्थेने सादर केलेल्या यादीमध्ये नमूद झोपडीधारकास प्रवेश व मतदानाचा हक्क राहील. अन्य व्यक्ती /झोपडीधारकास सभेच्या हॉलमध्ये प्रवेश राहणार नाही किंवा त्यांना मतदानाचा हक्क राहणार नाही.
२. सभेने सादर केलेल्या यादीमधील झोपडीधारक पती / पत्नी या दोघांपैकी एकाच व्यक्तीस उपस्थित राहता येईल. इतर नातेवाईकांना अथवा प्रतिनिधींना उपस्थित राहता येणार नाही.
३. सभेने सादर केलेल्या यादीमधील व्यक्तींनी स्वतःची ओळख होईल अशा ओळखपत्रासह (आधार कार्ड / निवडणूक ओळखपत्र / पॅनकार्ड इत्यादी) उपस्थित रहावे.
४. सभेने सादर केलेल्या यादीमधील सभासदांना सभागृहात प्रवेश देते वेळी त्यांनी त्यांची ओळख पटवून सभेच्या उपस्थिती नोंदवहीत स्वाक्षरी करुन व बायोमॅट्रीक पध्दतीने उपस्थिती नोंदविल्यानंतरच सभागृहात प्रवेश दिला जाईल.
५. सभेच्या कामकाजाचे प्राधिकरणामार्फत व्हिडीओ चित्रिकरण करण्यात येईल.

ड्रग लैब का भंडाफोड़

एनसीबी ने 50 करोड़ रुपए की मेफेड्रोन के साथ दो लोग पकड़े

डीबीडी संवाददाता । रायगढ़

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के महाड औद्योगिक क्षेत्र में एक ड्रग लैब का भंडाफोड़ किया है। इसके अलावा, एनसीबी ने 50 करोड़ रुपये की मेफेड्रोन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 46.8 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त की गई है। एनसीबी के अनुसार, 22 मार्च को मुंबई के भांडुप इलाके में एक घर से 46.8 किलोग्राम मेफेड्रोन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उनमें से एक के घर पर प्लास्टिक के कंटेनर में दवा को छिपाकर रखा गया था। पूछताछ में एक आरोपी ने बताया कि यह दवा महाड औद्योगिक क्षेत्र में स्थित ड्रग लैब में तैयार की गई थी।

ड्रग्स सप्लायर के खिलाफ पहले से दो मामले दर्ज

एक अधिकारी ने बताया कि ड्रग्स सप्लायर (गिरफ्तार दो लोगों में से एक) के खिलाफ नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत पहले के दो मामले दर्ज हैं, जिन्हें राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा दर्ज किया गया था। एनसीबी के अनुसार, अब वह जमानत पर बाहर था और मेफेड्रोन निर्माण सिंडिकेट में शामिल था।

एनसीबी ने सील की प्रयोगशाला

एनसीबी के अधिकारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के बाद एक टीम ने प्रयोगशाला पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने बड़ी मात्रा में दवा बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रसायन जब्त किए। अधिकारी के अनुसार, प्रयोगशाला को सील कर दिया गया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

वसई आरपीएफ ने यात्री को लौटाए 4.50 लाख रुपए

डीबीडी संवाददाता । वसई

पश्चिम रेलवे के वसई रोड रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए एक यात्री का 4.50 लाख रुपये नकद से भरा बैग लौटाया। यह कार्रवाई ₹ऑपरेशन अमानतर के तहत आरपीएफ निरीक्षक अवधेश पांडेय के मार्गदर्शन में की गई।

लोकल ट्रेन में छूटा था रुपयों से भरा बैग

26 मार्च 2025 को वसई (पूर्व) निवासी यात्री पंकज केशव लंजे (33) ने आरपीएफ कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई कि वह दादर से विरार जाने वाली लोकल ट्रेन में सवार हुआ था और वसई में उतरने के दौरान अपना ब्लैक कलर का बैग भूल गया, जिसमें 4,50,000 रुपये नकद थे।

आरपीएफ ने तत्परता से बरामद किया बैग

यात्री की सूचना पर आरपीएफ टीम ने कार्रवाई शुरू की। जब उक्त लोकल ट्रेन वापसी में वसई रोड स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर आई, तो उप निरीक्षक निर्मल सिंह और महिला कांस्टेबल मनीषा अहिरवार ने कोच की जांच की और बैग बरामद किया। सत्यापन के बाद पंचों की मौजूदगी में बैग यात्री को लौटा दिया गया। अपना बैग और नकदी वापस मिलने पर पंकज केशव लंजे ने आरपीएफ टीम का आभार व्यक्त किया और उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

जितेंद्र भोले बने महाराष्ट्र विधानसभा के नए सचिव-1

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधान भवन के सचिव पद का कार्यभार संभाल रहे जितेंद्र भोले को महाराष्ट्र विधानसभा के नए सचिव-1 के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर विभिन्न राजनीतिक और प्रशासनिक वर्गों से बधाइयों का तांता लगा हुआ है। जितेंद्र भोले ने विधायी प्रशासन में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि उनके मार्गदर्शन में विधानसभा का संचालन अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और प्रभावी होगा।

'सारी हदें पार की, उन्हें प्रसाद देने की जरूरत'

कुणाल कामरा के नए वीडियो पर बिफरे मंत्री शंभूराज

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के मंत्री और शिवसेना नेता शंभूराज देसाई ने गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर स्टैंड-अप कलाकार कुणाल कामरा के नए वीडियो को लेकर निशाना साधा और कहा कि उन्होंने सभी हदें पार कर दी हैं और अब उन्हें 'प्रसाद' देने का समय आ गया है।

हमारा धैर्य खत्म हो रहा है: शंभूराज देसाई

उन्होंने आगे कहा, 'हमारे शिवसैनिकों ने उनके पहले वीडियो के बाद उनके स्टूडियो में जाकर अपना गुस्सा जाहिर कर दिया है। कुणाल कामरा की हरकतें जानबूझकर की गई हैं और अब समय आ गया है कि उन्हें हमारे अंदाज में शिवसेना का 'प्रसाद' दिया जाए। हम विधायक हैं, मंत्री हैं, लेकिन सबसे पहले हम शिवसैनिक हैं और हमारा धैर्य खत्म हो रहा है।'

'कामरा को अपने किए का खामियाजा भुगतना होगा'

शिवसेना नेता ने कुणाल कामरा पर डिप्टी सीएम मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुप्रीम कोर्ट समेत प्रमुख हस्तियों के बारे में बार-बार आपत्तिजनक बयान देने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि सहनशीलता का समय खत्म हो गया है। अपने बयान में शंभूराज देसाई ने कहा, 'कुणाल कामरा ने सारी हदें पार कर दी हैं; पानी सिर से ऊपर चला गया है और अब उसे 'प्रसाद' देने का समय आ गया है। वह जहां भी छिपा होगा, हम उसे बाहर निकालेंगे। कामरा को अपने किए का खामियाजा भुगतना होगा।'

'अगर कामरा में हिम्मत है, तो हमारा सामना करे'

मंत्री ने यह भी घोषणा की कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कामरा के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई का वादा किया है, उन्होंने कलाकार से आगे आकर शिवसैनिकों का सामना करने का आग्रह किया। मंत्री ने चुनौती देते हुए कहा, 'अगर कामरा में हिम्मत है, तो उसे सामने आकर हमारा सामना करना चाहिए। हम सुनिश्चित करेंगे कि पुलिस उसे ढूंढ़ ले, चाहे वह कहीं भी छिपा हो।' अपने बयान में शंभूराज देसाई ने थर्ड-डिग्री टॉर्चर की प्रथा की तुलना करते हुए कहा, 'पुलिस टायरों का इस्तेमाल करके आरोपी को 'प्रसाद' देती है; अब समय आ गया है कि कुणाल कामरा के साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया जाए।'

जालसाजी मामला

बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरोपी को दी अग्रिम जमानत

आरोपी ने किए थे जज के जाली हस्ताक्षर

मुंबई। जालसाजी और कॉपीराइट उल्लंघन के एक मामले में आरोपी ने साजिश रचने में कोर्ट को भी नहीं बख्शा। उसने अग्रिम जमानत पाने के लिए पहले पुणे कोर्ट के जज के जाली हस्ताक्षर किए, फिर फर्जी आदेश का इस्तेमाल कर बॉम्बे हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत हासिल कर ली। पुलिस ने इस संबंध में बृहस्पतिवार को जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी हरिभाऊ चेमटे को जनवरी में जमानत मिली थी और अब वह फरार है। अब उसके खिलाफ धोखाधड़ी से संबंधित कई धाराओं में नई एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, पुणे स्थित फर्म सीटीआर मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 2022 में विमानताल पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जब उसे पता चला कि उसके पेटेंट किए गए चित्र और डिजाइन का चेन्नई की एक कंपनी द्वारा दुरुपयोग किया गया है।

डिजाइनों की चोरी में शामिल था चेमटे

जांच में पता चला कि सीटीआर के कुछ कर्मचारी, आरोपी कंपनी के अधिकारियों के साथ मिलकर, इन मालिकाना डिजाइनों का अनधिकृत उपयोग कर रहे थे। चेमटे, जो 2016 और 2017 के बीच सीटीआर के गुणवत्ता नियंत्रण विभाग में काम कर रहा था, कथित तौर पर इस चोरी में शामिल था। इसके बाद, उसे मामले के कई आरोपियों में शामिल किया गया।

हाईकोर्ट में लंबित थी चेमटे की अग्रिम जमानत

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि चेमटे की अग्रिम जमानत याचिका बॉम्बे हाईकोर्ट में लंबित थी, जिसके लिए उसने साजिश रची। आरोपी के खिलाफ दर्ज नई एफआईआर के हवाले से अधिकारी ने बताया कि उसने इस साल जनवरी में सीआरपीसी की धारा 169 के तहत एक फर्जी अदालती आदेश जारी किया, जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) के जाली हस्ताक्षर थे।

एलओपी पद मामले में मंत्री शिरसाट का उद्धव ठाकरे पर पलटवार

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और शिवसेना विधायक संजय शिरसाट ने विपक्ष के नेता (एलओपी) पद को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता का पद पाने के लिए किसी भी दल के पास विधानसभा में आवश्यक संख्या बल होना चाहिए और पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में उद्धव ठाकरे को यह बात पता होनी चाहिए। संजय शिरसाट, जो राज्य के सामाजिक न्याय विभाग के मंत्री भी हैं, ने यह भी खुलासा किया कि हाल ही में पेश किए गए राज्य बजट में उनके विभाग के लिए 7,000 करोड़ रुपये की कटौती की गई है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के समक्ष उठाया है।

शिवसेना (यूबीटी) ने नेता प्रतिपक्ष पद की मांगी थी

गौरतलब है कि 3 मार्च को राज्य विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने के साथ ही शिवसेना (यूबीटी) ने वरिष्ठ विधायक भास्कर जाधव को नेता प्रतिपक्ष पद के लिए नामित किया था। इस मांग को लेकर शिवसेना (यूबीटी) ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को एक पत्र भी सौंपा था। उद्धव ठाकरे ने इस मुद्दे पर जोर देते हुए कहा था कि 26 मार्च को बजट सत्र समाप्त होने से पहले इस पर निर्णय लिया जाना चाहिए। हालांकि, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) ने यह मांग की थी कि विपक्ष के नेता का पद 18-18 महीने के लिए कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) के बीच साझा किया जाए। लेकिन 288 सदस्यीय विधानसभा में किसी विपक्षी दल के पास 28 विधायकों की आवश्यक संख्या नहीं होने के कारण इस पद पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। वर्तमान में शिवसेना (यूबीटी) के पास 20 विधायक, कांग्रेस के पास 16 विधायक और एनसीपी (एसपी) के पास 10 विधायक हैं।

संजय शिरसाट ने विपक्ष पर साधा निशाना

विपक्ष की इस मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने ढाई साल तक मुख्यमंत्री का पद संभाला था, उन्हें समझना चाहिए कि जब आवश्यक संख्या बल नहीं होता है, तो विपक्ष का नेता नियुक्त नहीं किया जा सकता।ह उन्होंने आगे कहा कि अगर वे विपक्ष के नेता का पद चाहते हैं, तो उन्हें इसके लिए विधायकों की संख्या मजबूत करनी होगी।

मंत्रालय में अब 'डिजीप्रवेश' ऐप से ही मिलेगी एंट्री

फेस रिकॉग्निशन के बाद अब 'विजिटर मैनेजमेंट सिस्टम' लागू

मुंबई। मंत्रालय सुरक्षा परियोजना के तहत अब 'डिजीप्रवेश' ऑनलाइन ऐप के माध्यम से ही प्रवेश मिलेगा। पहले चरण में फेस रिकॉग्निशन आधारित प्रवेश प्रणाली लागू की गई थी, जबकि अब दूसरे चरण में विजिटर मैनेजमेंट सिस्टम (VMS) विकसित किया गया है। इसके तहत अधिकारियों, कर्मचारियों और आगंतुकों को 'डिजीप्रवेश' ऐप के जरिए ही एंट्री करनी होगी। प्रवेश केवल स्वीकृत समय और मंजूर की गई मंजिल तक ही मिलेगा। अनधिकृत क्षेत्र में जाने पर कार्रवाई की जाएगी। तय समय सीमा के भीतर मंत्रालय से बाहर निकलना अनिवार्य होगा।

सामान्य आगंतुकों के लिए नियम

दोपहर 2 बजे के बाद ही प्रवेश मिलेगा। 'डिजीप्रवेश' ऐप से प्रवेश पास अनिवार्य। आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड या अन्य सरकारी पहचान पत्र दिखाना होगा।

पश्चिम रेलवे

टैम्पिंग से पहले और बाद में ट्रैक माप सर्वेक्षण

वरिष्ठ डीईएन (मध्य) एमएमसीटी, पश्चिमी रेलवे, मुंबई सेंट्रल, **निविदा सूचना संख्या : बीसीटी /24-25/315, दिनांक 24. 03. 2025 आमंत्रित करते हैं, कार्य एवं स्थान** : वरिष्ठ डीईएन/मध्य, मुंबई सेंट्रल डिवीजन (डब्ल्यूआर) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत टिम्बल गेडो वोसिंस ट्रॉली प्रणाली का उपयोग करते हुए पूर्व एवं पश्चात में टैम्पिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण जोरावासन सूरत-सीटीआर(पी) -1.559 टीकिमी, टीआरआर(पी) 2.584 टीकिमी एवं टीएसआर(पी) 30.799टीकिमी स्वीकृत ट्रैक कार्य के संबंध में है। **कार्य की अनुमानित लागत:** 42,81,927.10. **ईएमडी:** 85,600/-. जमा करने की तिथि और समय: 22.04.2025, 15:00 बजे तक। **खोलने की तिथि और समय:** 22.04.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ

1235

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

मध्य रेल

सोलापुर मंडल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, सामान्य, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रीक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.: सोला/वि/नि/2024/48. कार्य का नाम:** सोलापुर मंडल में स्थित 5 गुड्स शेड में ट्रैक के किनारे प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ 6 गुड्स शेड में हाईमास्ट प्रकाश व्यवस्था के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा भाग का कार्य। **कार्य की लागत:** रु.72,24,829.76/- **बोली प्रतिभूति:** रु. 1,44,500/- **कार्य पुरा करने की अवधि:** 09 माह **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समय:** दि. 21/04/2025 को 15.00 बजे। बोली प्रतिभूति राशि की रकम का भुगतान ई-पेमेंट द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर करना है।

व.मं.वि.इं. (सा), सोलापुर 44

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

पश्चिम रेलवे दादर-भुसावल विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ाएगा

ट्रेन संख्या	से	तक	चलने का दिन	तक विस्तारित
09049	दादर	भुसावल	शुक्रवार	27.06.2025
09050	भुसावल	दादर	शुक्रवार	27.06.2025
09051	दादर	भुसावल	सोम, बुध, शनि	30.06.2025
09052	भुसावल	दादर	सोम, बुध, शनि	30.06.2025

ठहरावों और संयोजन के समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 09049 और 09051 की बुकिंग 29.03.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
www.wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान प्रमाण साथ रखें

धमकी या आत्महत्या की कोशिश बन सकता है तलाक का आधार

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि पत्नी द्वारा पति को धमकाना, आत्महत्या की धमकी देना निर्दयता है और यह तलाक का आधार बन सकता है। इसके साथ ही उच्च न्यायालय ने परिवार न्यायालय का फैसला बरकरार रखा और दंपति की शादी को खत्म करने आदेश दिया। बॉम्बे उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ के जस्टिस आर एम जोशी ने परिवार न्यायालय द्वारा पारित डिक्री को बरकरार रखा।

उच्च न्यायालय ने क्या कहा?

दरअसल महिला ने परिवार न्यायालय के फैसले के खिलाफ बॉम्बे उच्च न्यायालय का रुख किया था। सुनवाई के दौरान महिला के पूर्व पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी ने उसे आत्महत्या करने की धमकी दी और इसके आरोप में पति और उसके परिजनों को जेल भेजने की धमकी दी। महिला ने एक बार आत्महत्या की कोशिश भी की थी। पति ने कहा कि यह हिंदू मैरिज एक्ट के तहत निर्दयता है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि पेश किए गए सबूतों से साफ है कि आरोप सही हैं। इसके बाद उच्च न्यायालय ने परिवार न्यायालय के तलाक के आदेश को बरकरार रखा।

क्या है पूरा मामला?

उच्च न्यायालय ने कहा कि पत्नी द्वारा इस तरह का कृत्य निर्दयता माना जाएगा और यह तलाक का आधार बन जाता है। इसके बाद उच्च न्यायालय ने परिवार अदालत के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया। मामले के अनुसार, दंपति की शादी साल 2009 में हुई थी और दोनों की एक बेटी भी है। पुरुष का दावा है कि महिला लगातार अपने मायके जाती थी, जिससे उसकी शादीशुदा जिंदगी में लड़की के परिजनों की दखलअंदाजी बढ़ गई। साल 2010 में महिला अपने मायके आ गई और ससुराल लौटने से इनकार कर दिया।

अवैध बांग्लादेशियों पर कार्रवाई

5 महिलाओं समेत 17 गिरफ्तार

गोवंडी और चेंबूर में चला विशेष अभियान

मुंबई। शहर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ मुंबई पुलिस ने बड़ा अभियान चलाया। शिवाजी नगर और आरसीएफ थाने की संयुक्त टीम ने गोवंडी और चेंबूर इलाकों में छापेमारी कर 5 महिलाओं समेत 17 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया।

विशेष टीमों का गठन

मुंबई पुलिस को अवैध घुसपैठियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश मिले हैं, जिसके तहत यह विशेष अभियान चलाया गया। अवैध नागरिकों की पहचान के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया, जिन्हें अलग-अलग इलाकों की जिम्मेदारी दी गई थी। पुलिस ने गहन जांच-पड़ताल के बाद इन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सभी बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ विदेशी अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मध्य रेल

भुसावल मंडल

ई-निविदा अनुसूची
ई निविदा नोटीस
क्र. बीएसएल/एसीएल/56255183

उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक एसीएल, मध्य रेल भुसावल और भारत के राष्ट्रपति द्वारा ई. निविदा आमंत्रित कि जा रही है । ई. निविदा क्र. 56255183 जिसका समापन दिनांक 01-MAY-2025 को 11.30 बजे है। बोली लगाने वाले अपनी निविदा उपर दी गई तारीख तक जमा कर सकते है। केवल ई. बीड / ई. निविदा ही स्वीकृत की जाएगी। हाथसे लिखा हुआ बीड स्वीकृत नही किया जाएगा । **1 टेंडर शीर्षक : निविदा नंबर:** 56255183 **निविदा प्रकार :** खुला/विज्ञापित **बोली लगाने की प्रक्रिया:** एकल बोली प्रक्रिया **निरीक्षण संस्था:** TPI **प्रकाशन दिनांक/समय:** 26/03/25 14:50:57 **अनुमानित मूल्य:** रू. 17287000/- **अंतिम तिथी:** 01-MAY-2025 11:30 hrs. **ऑफर की वैधता:** 90 दिन. **मात्रा:** 10 SET. **2. मद का विवरण :** Microprocessor based control and fault diagnostic system with remote monitoring and analysis feature (MPCS) for 25 KV AC electric locomotives as per RDSO specification No. ELRS/ SPEC/MPC-FDS/0001 Rev-3, April-2013 including central and backup data logging & processing system. Material to be procured from CLW approved vendor as per CLW ITEM ID.-2100936. **3. विशेष सूचना :** इस निविदा का संपूर्ण विवरण **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

Dy. CMM (ACL), Bhusawal 7

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

IInd Call for Tender Notice
Schedule of E-Tender Notice

The tender document can be downloaded by the Bidder from website **https://srmetender.mahatransco.in**

Sr. No.	E-Tender Reference	Particulars
1	**E-Tender No.**	EE/EHV/P Dn/ HR/KLN/Tender-02/2025-26
2	**RFx No.**	7000035752
3	**Subject of E-Tender**	Requirement of skilled labours (Senior Technician/Technician I & II/Assistant Technician) at various Sub-Division offices under EHV Projects Division, Kalyan for Financial Year 2025-26
4	**Estimated E-Tender Amount**	Rs. **63,52,735/-** including GST Rs. **Sixtythree Lakhs Fiftytwo Thousand Seven Hundred Thirtyfive only** including GST
5	**E-Tender Fees**	Rs. 500/- (Rs. Five Hundred only) + GST (as applicable.) It is non refundable.
6	**EMD (1% of Tender Amount)**	Rs. **63,527/-** Rs. Sixtythree Thousand Five Hundred Twentyseven only.
7	**Performance Bank Guarantee in lieu of Security Deposit (5% of Tender Amount)**	Rs 3,17,637/- (In figures) Rs. Three Lakhs Seventeen Thousand Six Hundred Thirtyseven only. To be furnished by successful Bidder within 14 calendar days from date of issue of Work Order.
8	**Tender Opening Date**	26/03/2025 at 10:00 Hrs
9	**Tender Closing Date**	04/04/2025 at 10:00 Hrs
10	**E-Mail Address to whom queries if any, to be sent by the Bidders**	hchr7620@mahatransco.in
11	**Date & Time of opening of Technical Bid**	04/04/2025, 11:00 Hrs
12	**Date & Time of opening of Financial Bid**	It will be intimated by E-mail to only Technically Qualifying Bidders
13	**Contact Person and Telephone Numbers**	Nodal Officer's Designation- **Manisha Gaikwad, Head Clerk.** Office Address: "Tejashree" Bldg., 2nd Floor, "A" wing, Karnik Road, Kalyan (W) Dist. Thane-421301 Mob No. 9820384358. Email id: hchr7620@mahatransco.in

For further details visit our website: **https://srmetender.mahatransco.in**
Note: All eligible contractors are mandated to get enrolled/registered on E-Tendering portal.
Terms & Conditions:
a. The Tender Documents can be downloaded online from aforesaid website, within aforesaid date.
b. The Bidder should have to submit their appropriate Bids (Technical & Financial) online, well in advance within aforesaid date & time. The scan copy of EMD receipt and Tender Fees Receipt should be submitted online along with the Bid.
c. The Technical Bid will be opened online on **04.04.2025 at 11.00 Hrs** and Financial Bid opening date will be intimated by E-mail to only Technically Qualifying Bidders.
d. MSETCL shall not be responsible for non-submission of Bid due to any website related problems.
e. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any time without assigning any reason.
f. Bids shall remain valid for 90 days from the last date of submission of Bids.
g. MSETCL reserves the right to accept or reject or cancel any tender or relax any part of the tender offer without assigning any reasons thereof.

Sd/-
Executive Engineer, EHV Project s Division, Kalyan

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

(सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग)
रुचि की अभिव्यक्ति विज्ञापन

विषय -सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जी/दक्षिण संभाग में हाजी मोहम्मद हाजी साबु सिद्दीकी म्यूनिसिपल मैटरनिटी होम (प्रभादेवी) में डी श्रेणी में 4 (चार) रिक्त पदों को बहुउद्देशीय कार्यकर्ता स्वैच्छिक संगठन के माध्यम से संविदा के आधार पर भरने के संबंध में।

सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जी/दक्षिण प्रभाग में हाजी मोहम्मद हाजी साबु सिद्दीकी म्युनिसिपल मैटरनिटी होम (प्रभादेवी) में बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता स्वैच्छिक संगठन के माध्यम से अनुबंध के आधार पर "डी" श्रेणी के 4 (चार) रिक्त पदों को भरने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। जी/दक्षिण प्रभाग के सहायक मुख्य पर्यवेक्षक (घकव्य) (एएचएस) के पास पंजीकृत धर्मार्थ संगठनों (एनजीओ पंजीकृत) की सूची में उपलब्ध धर्मार्थ संगठनों (एनजीओ पंजीकृत) आदि से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं (इन सभी संगठनों की स्थापना का उद्देश्य अपने सदस्यों को रोजगार प्रदान करना होना चाहिए।)

आवेदन पत्र जी/दक्षिण डिवीजन के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत हाजी मोहम्मद हाजी साबु सिद्दीकी म्युनिसिपल मैटरनिटी हॉस्पिटल (प्रभादेवी) के कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए। 28.03.2025 से 03.04.2025 तक प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक उपलब्ध। उल्लिखित कार्यालय समय के बाद अंतिम तिथि 03.04.2025, 03:00 बजे तक प्रस्तुत आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

हस्ता/-
वैद्यकीय अधिकारी
हाजी मो. हाजी साबु सिद्दीकी म्यूनि. प्रसूति अस्पताल

पीआरओ/2934/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

संपादकीय

न्याय की संवेदनशीलता

विगत 17 मार्च को आया इलाहाबाद हाईकोर्ट का जो फैसला पिछले दिनों पूरे देश में सवालों के घेरे में था, सुप्रीम कोर्ट ने उस पर रोक लगाकर न्याय की संवेदनशीलता को संबल दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को लेकर महिला संगठनों व बौद्धिक वर्गों में तल्ख प्रतिक्रिया देखी जा रही थी। यहां तक कि महिला संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट का भी रुख किया था। शीर्ष अदालत के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने माना कि फैसला न केवल असंवेदनशील है बल्कि अमानवीय नजरिया भी दर्शाता है। जिसके चलते इस फैसले पर रोक लगाना आवश्यक हो जाता है। बेंच ने माना कि फैसला लिखने में संवेदनशीलता की कमी दृष्टिगोचर होती है। कोर्ट का मानना था कि जब फैसला चार माह तक सुरक्षित रखने के बाद सुनाया गया तो यह नहीं कहा जा सकता कि इस पर गंभीर मंथन नहीं हुआ। वहीं शीर्ष अदालत ने इस मसले पर केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले की निंदा की। दरअसल, विवाद इस बात को लेकर हुआ कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि पीड़िता किशोरी के स्तनों को छूना व पायजामे की डोरी तोड़ना बलात्कार या बलात्कार की कोशिश नहीं माना जा सकता। उल्लेखनीय है कि यह मामला उत्तर प्रदेश के कासगंज जनपद के पटियाली थाना क्षेत्र में एक किशोरी से जुड़ा था, जिसके बाबत जस्टिस राममनोहर नारायण मिश्रा ने यह विवादित फैसला दिया था। इस एकल पीठ का कहना था कि मामले में तथ्यों व आरोपों के आधार पर तय करना संभव नहीं है कि बलात्कार का प्रयास हुआ था। जिसके लिये अभियोजन पक्ष को सिद्ध करना था कि अभियुक्तों का यह कदम अपराध करने की तैयारी के लिये था। दरअसल, इसी के मद्देनजर देश में फैसले के खिलाफ तल्ख प्रतिक्रिया देखी गई। जिसको अभियुक्तों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसी मामले में आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ लोगों में नाराजगी देखी गई। माना गया कि इसका समाज में गलत संदेश जाएगा और महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। इसके चलते ही एक महिला संगठन वी द वूमेन ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। कालांतर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया। उल्लेखनीय है कि एक ऐसे ही मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच के फैसले को पलट कर कानून की संवेदनशीलता को संबल दिया था। तब भी सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2021 में कहा था कि किसी बच्चे के यौन अंगों को यौन इरादे से छूना पॉक्सो अधिनियम की धारा 7 के तहत यौन हिंसा माना जाएगा। अब चाहे इसमें त्वचा का संपर्क नहीं हुआ हो। कोर्ट का मानना था कि अभियुक्त का इरादा ज्यादा मायने रखता है। दरअसल, इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की महिला जज ने अभियुक्त को इस आधार पर बरी करने का फैसला लिया था कि त्वचा से त्वचा का संपर्क नहीं हुआ था। निस्संदेह, ऐसे गंभीर मामलों में घटनाक्रम की संवेदनशीलता को मद्देनजर रखना जरूरी होता है। जिसका समाज में सकारात्मक संदेश जाए और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

ज़रूरी है न्याय व्यवस्था की साख कायम रखना

प्रमोद जोशी

नेशनल ज्यूडीशियल डेटा ग्रिड के अनुसार इस हफ्ते 26 मार्च तक देश की अदालतों में चार करोड़ 54 लाख से ज्यादा मुकदमे विचाराधीन पड़े थे। इनमें 46.43 लाख से ज्यादा केस 10 साल से ज्यादा पुराने हैं। यह मान लें कि औसतन एक मुकदमे में कम से कम दो या तीन व्यक्ति पक्षकार होते हैं तो देश में करीब 10 से 15 करोड़ लोग मुकदमेबाजी के शिकार हैं। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। एक बार फंस गए, तो बरसों तक बाहर नहीं निकल सकते।सरकार और न्यायपालिका लगातार कोशिश कर रही है कि कम से कम समय में मुकदमों का निपटारा हो जाए। यह तभी संभव है जब प्रक्रियाएं आसान बनाई जाएं, पर न्याय व्यवस्था का संदर्भ केवल आपराधिक न्याय या दीवानी मुकदमों तक सीमित नहीं है। व्यक्ति को कारोबार का अधिकार देने, मुक्त वातावरण में अपना धंधा चलाने, मानवाधिकारों तथा अन्य अधिकारों की रक्षा के लिए भी उपयुक्त न्यायिक संरक्षण की जरूरत है।

उसके पहले हमें अपनी न्याय-व्यवस्था की सेहत पर भी नज़र डालनी होगी, जिसके उच्च स्तर को लेकर कुछ विवाद खड़े हो रहे हैं।इस समय सवाल तीन हैं। न्याय-व्यवस्था को राजनीति और सरकारी दबाव से परे किस तरह रखा जाए? जजों की नियुक्ति को पारदर्शी कैसे बनाया जाए? तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण सवाल है कि सामान्य व्यक्ति तक न्याय किस तरह से उपलब्ध कराया जाए? अक्सर कहा जाता है कि देश में न्यायपालिका का ही आखिरी सहारा है। पर पिछले कुछ समय से न्यायपालिका को लेकर उसके भीतर और बाहर से सवाल उठने लगे हैं। उम्मीदों के साथ कई तरह के अंदेशे हैं। कई बार लगता है कि सरकार नहीं, सुप्रीम कोर्ट के हाथ में देश की बागडोर है। न्यायपालिका को स्वतंत्र होना चाहिए और उसे सरकारी दबाव से भी बाहर होना चाहिए। सवाल है कि यदि न्यायपालिका के भीतर के मसले अस्पष्ट और अपारदर्शी हैं और उन्हें लेकर भीतर से ही सवाल उठ रहे हैं, तो उनका निदान क्या है? न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास पर नोटों की गड्डियों से जुड़े विवाद के बीच, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 2014 में संसद द्वारा पारित राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम का जिक्र करते हुए मंगलवार को कहा कि न्यायिक नियुक्तियों की व्यवस्था को सर्वोच्च न्यायालय ने रद्द नहीं किया होता तो 'चीजें अलग होतीं।'

कुछ पर्यवेक्षक मानते हैं कि यह बैठक कॉलेजियम प्रणाली पर राजनीतिक दलों, खासतौर से विरोधी दलों का दृष्टिकोण जानने का प्रयास हो सकता है।राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग से जुड़ा विधेयक 2014 में संसद ने पास किया था, लेकिन 2015 में उच्चतम न्यायालय ने उसे खारिज कर दिया। एनजेएसी अधिनियम में कहा गया था कि न्यायाधीशों की नियुक्ति भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में छह सदस्यीय निकाय द्वारा की जाएगी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के दो सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश, केंद्रीय कानून मंत्री और दो 'प्रतिष्ठित' व्यक्ति शामिल होंगे। दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों का चयन प्रधानमंत्री, सीजेआई और लोकसभा में विरोधी दल के नेता वाले पैनल द्वारा किया जाना था। उच्चतम न्यायालय ने इसे खारिज करते हुए कहा कि ऐसी वैकल्पिक प्रक्रिया को स्वीकार करने का कोई सवाल ही नहीं उठता जो जजों के चयन और नियुक्ति के मामले में न्यायपालिका की प्रधानता सुनिश्चित नहीं करती हो।

वर्ष 2014 में, दोनों सदनों में, एआईएडीएमके को छोड़कर, जो मतदान में शामिल नहीं रही थी, सभी दलों ने इसका अनुमोदन किया। बाद में 50 प्रतिशत से अधिक राज्यों ने, जिनमें कांग्रेस और वामपंथी दलों द्वारा शासित राज्य भी शामिल थे, एनजेएसी कानून का अनुमोदन किया था। पर यह आमराय तभी तक रही।सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद विरोधी दलों के एक खेमे की राय है कि उच्च न्यायालयों में जजों की नियुक्ति पर सरकारी नियंत्रण नहीं होना चाहिए। औपचारिक रूप से ये नियुक्तियां राष्ट्रपति द्वारा की जाती हैं जो संविधान के मुताबिक प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले मंत्रिमंडल की अनुशंसाओं को मानते हुए ऐसा करते हैं। देश का संविधान ऐसे समय तैयार किया गया था जब राजनेताओं की ईमानदारी और लोकतंत्र के प्रति उनकी निष्ठा को लेकर बड़े संशय नहीं थे। शुरुआती वर्षों में कार्यपालिका द्वारा शक्ति के दुरुपयोग के उदाहरण भी देखने को नहीं मिले। पर समय के साथ राजनीतिक माहौल बदल गया है। घूम-फिरकर सारी बातें राजनीति पर आती हैं, जिसकी गैर-जिम्मेदारी भी जाहिर है। सवाल केवल न्यायिक प्रणाली में सुधार का ही नहीं है, संपूर्ण व्यवस्था के स्वास्थ्य का है। वर्ष 2018 में जस्टिस जस्ती चेलमेश्वर और जस्टिस कुरियन जोसफ ने मुख्य न्यायाधीश और अपने सहयोगी जजों को चिट्ठी लिखी थी, जिसमें न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बचाए रखने की अपील की गई थी। पद पर बने रहते हुए ही न्यायमूर्ति चेलमेश्वर ने न्यायाधीशों के चयन के लिए बनाए गए 'कॉलेजियम' व्यवस्था पर सवाल खड़े किए थे। इसके पहले जनवरी में सुप्रीम कोर्ट के चार जजों ने एक संवाददाता सम्मेलन में न्यायपालिका के भीतर के सवालों को उठाया था।आम शिकायत है कि देश में महत्वपूर्ण पदों पर बैठे लोग आपस में रेवड़ियां बांटते हैं। अदालतों में वरिष्ठ और नामी-गिरामी वकीलों की पौ बारह देखी जा सकती है। परिवारों का परिवारों से रिश्ता, भाई-भतीजावाद छिपाए नहीं छिपता। इस सिलसिले में जस्टिस कुरियन जोसफ और जस्टिस चेलमेश्वर की एक घोषणा ने ध्यान खींचा था। उन्होंने कहा, हम रिटायरमेंट के बाद कोई सरकारी पद नहीं लेंगे।

दोनों का कहना था कि सरकार और न्यायपालिका के बीच जरूरत से ज्यादा मेलजोल लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। यह बात मौजूदा सरकार के संदर्भ में ही नहीं, अब तक की सभी सरकारों के संदर्भ में महत्वपूर्ण है।सवाल समस्या का नहीं, समाधान का है। किसी एक निकाय में शक्तियों का केंद्रित होना लोकतंत्र के लिए हानिकारक हैसुधारों की पहल न्यायपालिका के भीतर से भी आनी चाहिए। इसलिए सकारात्मक सुझावों को बढ़ावा देने की जरूरत है। हाल के वर्षों में भ्रष्टाचार से जुड़े कुछ मामलों में न्यायिक सक्रियता के कारण ही कार्रवाई हो पाई। इतना ही नहीं चुनाव सुधार से जुड़े अनेक कानून केवल सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही लागू हो पाए।

जीवन मंत्र

राम नाम अंतिम सत्य

राम नाम सत्य है, यह छोटा सा वाक्य यूं तो मासूम लगता है, लेकिन किसी संदर्भ में इसका अर्थ बिल्कुल बदल जाता है। जो हिंदू परंपरा और हिंदी भाषा में पले-बढ़े हैं, उन्हें 'राम नाम सत्य है' सुनते ही मस्तिष्क में शवयात्रा की छवि उभर आती है।

मुर्दा शरीर अर्थी पर लेटा हुआ है और लोग यह कहते हुए श्मशान की ओर बढ़ते जा रहे हैं- राम नाम सत्य है। लेकिन वे यह किसके लिए कहते हैं- मुर्दे के लिए या अपने लिए? मुर्दा तो सुन नहीं सकता और जिंदा लोग सुनना नहीं चाहते। ओशो जब छोटे थे, तो यह सवाल उठाते थे कि मुर्दे को क्यों सुनाया जाता है कि राम नाम सत्य है? अगर यह बात इतनी महत्वपूर्ण और जरूरी है, तो फिर जीवित लोगों को क्यों नहीं सुनाई जाती? वह जिंदा लोगों के कान में जाकर कहते, राम नाम सत्य है और लोग भड़क उठते थे! एक वाकया ओशो के शब्दों में सुनिए, 'मैं छोटा विद्यार्थी था, तो हमारे स्कूल के रास्ते में एक मंदिर पड़ता था। उसके जो पुजारी थे, वह पूरे इलाके में बड़े प्रसिद्ध थे। बंशीवाले उनका नाम था। उनकी बड़ी ख्याति थी कि बड़े भक्त हैं। बंशीवाले जब प्रार्थना करते थे, तो आंखों से आंसू बह निकलते। मगर मुझे देखते ही वह एकदम डंडा उठा लेते थे कि बस, बोलना मत, कहना मत यह! क्योंकि वह जहां

कहीं भी मुझे मिल जाते, मैं उनसे कहता : राम नाम सत्य है। इससे वह बहुत नाराज होते थे कि जब कोई मर जाता है, तब कहते हैं राम नाम सत्य है। मैं तो अभी जीवित हूं!' लेकिन राम का नाम सत्य है, इसमें कौन-सी खराब बात है? असली बात है, मौत की घबड़ाहट! मौत को हमने जिंदगी से इतना परे कर दिया है कि मरने के बाद ही सुनना चाहते हैं राम नाम सत्य है, बाकी सब झूठ है। पहले तो उलझे रहते हैं मन के जालों में। धर्म को टाले जाते हैं, सत्य को टाले जाते हैं, राम को टाले जाते हैं। एक पैर कब्र में पड़ जाता है, तब भी आशा संसार में ही लगी रहती है; भौतिक सुख-सुविधाओं की इच्छा बनी रहती है; अभी मन दौड़ता ही रहता है। युधिष्ठिर ने मनुष्य के आश्चर्यों को गिनाते हुए कहा है, 'रोज-रोज लोग यम-मंदिर जा रहे हैं, लेकिन उन्हें पहुंचाने वाले परिजन रास्ते में धन-संपत्ति के बारे में ही सोचते रहते हैं। इससे बड़ा आश्चर्य क्या होगा?' यह तो जब पूरी ताकत से जीवन के घमासान में उतरते हैं, दुश्मनी और दोस्ती, तेरे और मेरे के चक्रव्यूह में उलझते हैं, तब याद रखने की घड़ी है कि राम नाम ही सत्य है, जिंदगी को बहुत गंभीरता से मत लो। मृत्यु के अलावा कुछ भी सत्य नहीं है।

शख्सियत

अक्षय खन्ना

अदाकारी की शान

अक्षय खन्ना (जन्म 28 मार्च 1975) एक भारतीय अभिनेता हैं जो मुख्य रूप से हिंदी फिल्मों में काम करते हैं। उन्होंने अपने अभिनय की शुरुआत 1997 में फिल्म हिमालय पुत्र से की। उनकी अगली रिलीज़, जे. पी. दत्ता की युद्ध ड्रामा बॉर्डर (1997) ने आलोचनात्मक और व्यावसायिक सफलता हासिल की, जिससे उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ नवोदित पुरुष अभिनेता का पुरस्कार मिला।

अक्षय खन्ना ने आगे भी कई व्यावसायिक सफलताएं हासिल कीं, जैसे रोमांटिक ड्रामा ताल (1999), कॉमेडी ड्रामा दिल चाहता है (2001) जिसने उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार दिलाया, रोमांटिक थ्रिलर हमराज़ (2002), कॉमेडी फिल्में हंगामा (2003) और हलचल (2004), मर्डर मिस्ट्री 36 चाइना टाउनर (2006), एक्शन थ्रिलररेस (2008), और हाइस्ट कॉमेडी तीसमार खां (2010)।उन्हें मनोवैज्ञानिक थ्रिलर दीवांगी (2002), जीवनी ड्रामा गांधी, माय फादर (2007), और एक्शन थ्रिलर आक्रोश (2010) में अपनी अदाकारी के लिए आलोचनात्मक प्रशंसा मिली।

2012 में चार साल के अंतराल के बाद, अक्षय खन्ना ने एक्शन-कॉमेडी फिल्म ढिशूम (2016) और 2017 की दो थ्रिलर फिल्मों मॉम और इत्तेफाक में सहायक भूमिकाएँ निभाईं। अक्षय खन्ना को कानूनी ड्रामा सेक्शन 375 (2019) में एक रक्षा वकील की भूमिका निभाने और क्राइम थ्रिलर दृश्यम 2 (2022) में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका के लिए फिर से सराहना मिली, जो उनकी सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गई। अक्षय खन्ना का जन्म २८ मार्च , १९७५ को मुंबई, महाराष्ट्र, भारत में हुआ था। उन्होंने नमित कपूर एक्टिंग स्कूल से अभिनय सीखा और 1997 में आई फिल्म हिमालयपुत्र से अपनी शुरुआत की, जिसे उनके पिता विनोद खन्ना ने बनाया था। 1998 में उन्हें हिमालय पुत्र के लिए फ़िल्मफ़ेयर प्रथम अभिनय पुरस्कार मिला था। उनके द्वारा अभिनीत फिल्में इस प्रकार है : छावा,सेक्शन 375,इत्तेफाक़,गलीगली चोर है,नो, लक बाय चांस,मेरे बाप पहले आप,रेस,आजान चले,सलामइश्क़,दीवार,बॉर्डर,हंगामा,दीवानगी,हल चल,हमराज़, दिल चाहता है, दहक, लावारिस अब चलें,ताल,कुदरत,डोली सजा के रखना,हिमालय पुत्र।

जीवन ऊर्जा

मैक्सिम गोर्की : जन्म 28 मार्च 1868

जन्म

अलेक्सी मैक्सिमोविच पेशकोव, जिसे मुख्य रूप से मैक्सिम गोर्की के रूप में जाना जाता है, एक रूसी और सोवियत लेखक थे, जो समाजवादी यथार्थवाद साहित्यिक पद्धति के संस्थापक और एक राजनीतिक कार्यकर्ता थे। मैक्सिम गोर्की का जन्म 28 मार्च 1868 में रूस में हुआ था। वो रूस सोवियत संघ के प्रसिद्ध लेखक तथा राजनीतिक कार्यकर्ता थे। मैक्सिम गोर्की की मृत्यु 18 जून 1936 में हुई।

हमारा सबसे निर्दयी दुश्मन हमारा अतीत है

एक व्यक्ति जितना उच्च लक्ष्य का पीछा करता है, उसकी क्षमता उतनी ही तेजी से विकसित होती हैऔर वह समाज के लिए उतना ही अधिक लाभकारी होता है। हम हमेशा सुंदरता के दर्शन के लिए तरसते हैं, हम कभी अनजान दुनिया का सपना देखते है। अतीत की गाड़ियों में तुम कहीं नहीं जा सकते। अच्छे बनो, दयालु बनो, मानवीय और परोपकारी बनो; अपने साथियों से प्यार करो; पीड़ितों को सांत्वना दो, उन लोगों को क्षमा करो, जिन्होंने तुम्हारे साथ गलत किया है। हमारा सबसे निर्दयी दुश्मन हमारा अतीत है। मौन केवल उन लोगों के लिए भयानक और दर्दनाक है, जिन्होंने सब कुछ कह दिया है और उनके पास बोलने के लिए और कुछ

नहीं है, लेकिन उनके लिए जिनके पास कभी कुछ कहना नहीं था- उनके लिए मौन सरल और आसान है। डर हम सभी का विनाश है और कुछ हम पर हावी हैं; वे हमारे डर का फायदा उठाते हैं और हमें और भी डराते है। हमें निडर होना चाहिए, यह समय है। अतीत का स्मरण सभी वर्तमान ऊर्जा को मारता है और भविष्य के लिए सभी आशाओं को नष्ट कर देता है। जब काम एक खुशी है, तो जीवन एक खुशी है! जब काम एक कर्तव्य है, तो जीवन गुलामी है। गरीब लोग गरीबी से मूर्ख हैं और अमीर लालच से। राजनीति वह मिट्टी है जिसमें जहरीली दुश्मनी, बुराई संदेह, बेशर्म झूठ, बदनामी, रुग्ण महत्वाकांक्षा और व्यक्ति के प्रति अनादर का जाल तेजी से और विलासिता से बढ़ता है। गुस्सा बर्फ की तरह होना चाहिए और जल्दी पिघल जाना चाहिए। सभी माता –पिता अपने पापों को अपने आंसुओं से धोते है ; आप अकेले नहीं है। जब सब कुछ आसान हो जाता है तो व्यक्ति जल्दी ही मूर्ख बन जाता है। सत्य हमेशा एक घायल आत्मा को ठीक नहीं करता है।

अपने विचार

यह सौगात-ए-मोदी नहीं है बल्कि सौगात-ए-सत्ता है। इससे भाजपा एक्सपोज हो रही है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में तो इन लोगों ने बंटेंगे तो कटेंगे का नारा दिया था और अब सौगात-ए-मोदी वाली किट बांट रहे हैं।

- उद्धव ठाकरे, पूर्व सीएम,महाराष्ट्र

ये बीजेपी की नफरत की दुर्गंध है। कन्नौज के लोगों को सुगंध पसंद है। वे दुर्गंध को हटाएं। अभी थोड़ी हटाई है अगली बार और हटा दें। जिन्हें दुर्गंध पसंद है वे गौशाला बना रहे हैं। हम सुगंध पसंद करते हैं इसलिए इत्र पार्क बना रहे हैं।

-अखिलेश यादव,, सपा प्रमुख

सपा के राज में इत्र पार्क बनाने के साथ-साथ इत्र का घोटाला भी हो चुका है। गौशाला में आप दुर्गंध और सुगंध क्यों तलाश रहे हो। ये गौमाता और मां पर टिप्पणी नहीं की जाती।

-दिनेश शर्मा, सांसद,भाजपा)

उत्तर प्रदेश के अलग-अलग शहरों से एक शराब की बोतल के साथ दूसरी फ्री के वीडियो आ रहे हैं। इस योजना के अंदर हिंदुओं को शराबी बनाने का काम चल रहा है। यह रमजान का महीना चल रहा है मुसलमान तो पानी भी नहीं पीते, शराब को हाथ भी नहीं लगाते।

-सौरभ भारद्वाज, , नेता,आप पार्टी

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

धर्म ही मनुष्य की रक्षा करता है

(भाग 1)

पौराणिक कथाओ के अनुसार महाभारत के एक वृत्तान्त में जलाशय में पानी पीने गए नकुल सहदेव अर्जुन व भीम यक्ष के प्रश्नों की परवाह न करते हुए पानी पीने गए और एकएक कर के मर गए काफी देर तक अपने भाइयों को न आता देख युधिष्ठिर व्याकुल हो उठे और खोजते हुए उसी विषैले जलाशय के किनारे पहुचें जिसका जल पीकर चारो भाई मृत पड़े थे।

उनकी मृत्यु का कारण सोचते हुए प्यास से व्याकुल तालाब में उतरने लगे इतने में उन्हें एक वाणी सुनाई दी सावधान तुम्हारे भाइयो ने मेरी बात न मानकर पानी पिया हैं यह तालाब मेरे अधीन हैं। मेरे प्रश्नों का उत्तर दो और फिर प्यास बुझाओ

युधिष्ठिर समझ गए कि कोई यक्ष बोल रहा हैं उन्होंने कहा आप प्रश्न कर सकते हैं।

यक्ष ने प्रश्न किया--

यक्षःमनुष्य का कौन साथ देता हैं?

युधिष्ठिरःधैर्य ही मनुष्य का साथ देता हैं।

यक्षःयशलाभ का एकमात्र उपाय क्या हैं?

युधिष्ठिरःदान।

यक्षःहवा से भी तेज चलने वाला कौन हैं?

युधिष्ठिरःमन।

यक्षः विदेश जाने वाले का कौन साथी होता हैं?

युधिष्ठिरःविद्या

यक्षः किसे त्याग कर मनुष्य प्रिय हो जाता हैं?

युधिष्ठिरःअहंभावसे उत्पन्न गर्व के छूट जाने पर?

यक्षः किस चीज के छूट जाने पर दुःख नहीं होता?

युधिष्ठिरः क्रोध।

यक्षःकिस चीज को गवाकर मनुष्य धनी बनता हैं?

युधिष्ठिरःलोभ।

यक्षःब्राह्मण होना किस बात पर निर्भर हैंजन्म परविधा परशील स्वभाव पर?

युधिष्ठिरःशील स्वभाव पर।

यक्षःकौनसा ऐसा एकमात्र उपाय हैं जिससे जीवन सुखी हो सकता हैं?

युधिष्ठिरःअच्छा स्वभाव ही सुखी होने का उपाय हैं।

यक्षःसर्वोतम लाभ क्या हैं?

युधिष्ठिरःआरोग्य।

यक्षःधर्म से बढ़कर संसार में और क्या हैं?

युधिष्ठिरःउदारता।

यक्षःकैसे व्यक्ति के साथ की गई मित्रता कभी पुरानी नहीं पड़ती?

युधिष्ठिरःसज्जनों के साथ की गई मित्रता?

यक्षःइस जगत में आश्चर्य क्या हैं?

युधिष्ठिरःप्रतिदिन हजारो लोग मर रहे हैं फिर भी लोग चाहते हैं कि वे अन्नत काल तक जिएगें इससे बड़ा आश्चर्य और क्या हो सकता हैं।

इसी प्रकार यक्ष ने कई प्रश्न किये और युधिष्ठिर ने उन सबके ठीक ठीक उत्तर दिए अन्त में यक्ष बोला राजन मैं तुम्हारे मृत भाइयो में से किसी एक को जीवित कर सकता हूं तुम जिसे कहो वह जीवित हो जायेगा। **(क्रमशः)**

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com** **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

न्यूज़ ब्रीफ

2 अप्रैल से बंद रहेगा गोरेगांव स्टेशन का फुट ओवर ब्रिज

मुंबई। गोरेगांव स्टेशन के उत्तरी छोर पर स्थित पुराने फुट ओवर ब्रिज (FOB) को डिस्मेंटल और पुनर्निर्माण कार्य के चलते 2 अप्रैल 2025 से अगले 180 दिनों के लिए बंद किया जाएगा। इस दौरान यात्रियों के लिए पुराने FOB से सटा नया उत्तरी फुट ओवर ब्रिज उपलब्ध रहेगा। पश्चिम रेलवे ने यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। वहीं, 30 मार्च को नेरल स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कमिशनिंग के लिए विशेष ब्लॉक लगेगा, जिससे कई उपनगरीय और एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन में बदलाव किए गए हैं।

2 जोड़ी सुपेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर 2 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित किए गए हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 09049 दादर-भुसावल स्पेशल जिसे पहले 28 मार्च, 2025 तक अधिसूचित किया गया था, अब उसे 27 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09050 भुसावल- दादर स्पेशल जिसे पहले 28 मार्च, 2025 तक अधिसूचित किया गया था, अब उसे 27 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है। ट्रेन संख्या 09051 दादर-भुसावल स्पेशल जिसे पहले 31 मार्च, 2025 तक अधिसूचित किया गया था, अब उसे 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09052 भुसावल-दादर स्पेशल, जिसे पहले 31 मार्च, 2025 तक अधिसूचित किया गया था, अब उसे 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

मुंबई में शुरू होगी 56 एसआरए परियोजनाएं

महाप्रीत और एनबीसीसी के बीच हुआ करार

पीएमसी या ईपीसी आधार पर परियोजनाओं को लागू करने का निर्णय

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए महात्मा फुले अक्षय ऊर्जा और बुनियादी ढांचा प्रौद्योगिकी लिमिटेड (महाप्रीत) और आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत भारत सरकार की नवरत्न कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड बड़ी आवासीय परियोजनाओं, आईटी भवनों के निर्माण, भारत और विदेशों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की अवधारणा और कार्यान्वयन के साथ-साथ ऐसी परियोजनाओं के वित्तपोषण के क्षेत्र में कार्यरत है। पीएमएवाई और किफायती आवास परियोजनाओं का कार्यान्वयन ठाणे क्लस्टर विकास परियोजना, भिवंडी नगर निगम और चंद्रपुर नगर निगम जैसी प्रमुख परियोजनाओं में अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है। मुंबई में लगभग 56 एसआरए परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।

महाप्रीत कंपनी परियोजना कार्यान्वयन में सबसे आगे है। इसके अलावा, महाप्रीत और एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की विशेषज्ञता और कौशल के लाभों पर विचार करते हुए, दोनों सरकारी एजेंसियों ने समान हित की परियोजनाओं पर पीएमसी या ईपीसी आधार पर परियोजनाओं को लागू करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर महाप्रीत के प्रबंध निदेशक बिपिन श्रीमाली ने कहा कि "एनबीसीसी और महाप्रीत के बीच सहयोग से पुनर्विकास कार्यों में मदद मिलेगी और आवासीय परिसरों के पुनर्विकास का अवसर मिलेगा।" इसके अलावा, चूंकि केंद्र सरकार की एजेंसियों के पास डेवलपर्स का चयन करने का विकल्प है, इसलिए पुनर्विकास कार्य राज्य सरकार के नियमों के अनुसार किया जाएगा।

आवास परिसरों की आवश्यकता को पूरा करेंगे

एमएमआर और विशेष रूप से मुंबई शहर की विभिन्न निजी सहकारी आवास समितियां अपने क्षेत्रों के पुनर्विकास के लिए महाप्रीत के साथ चर्चा कर रही हैं। इस समझौता ज्ञापन के तहत, महाप्रीत और एनबीसीसी मुंबई शहर में आवास परिसरों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सहयोग करेंगे। महाप्रीत ईएसजी अनुपालन, स्वच्छ और हरित ऊर्जा मानदंडों को अपनाने, अपशिष्ट पुनर्चक्रण, डीकार्बोनाइज्ड सामग्री, नवीनतम और पर्यावरण अनुकूल लचीली निर्माण प्रौद्योगिकियों, राष्ट्रीय पर्यावरण अनुकूल मानकों, राज्य के कमजोर वर्गों के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन और परियोजना निगरानी के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

दोनों कंपनियों के संयुक्त सहयोगी से होगा काम

एनबीसीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक केपी महादेवस्वामी ने कहा कि एनबीसीसी (इंडिया) मुंबई और महाप्रीत के संयुक्त सहयोग से मुंबई और मुंबई क्षेत्र में पुनर्विकास परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी। इसी प्रकार की परियोजनाएं नई दिल्ली एवं अन्य राज्यों में भी संयुक्त रूप से क्रियान्वित की जाएंगी। इस अवसर पर महाप्रीत निदेशक पुरुषोत्तम जाधव, कार्यकारी निदेशक सुभाष नागे, परियोजना निदेशक पी. आर.के. मूर्ति, कार्यकारी निदेशक सुनील पोटे, एनबीसीसी (भारत) नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक प्रदीप शर्मा, कार्यकारी निदेशक प्रवीण डोईफोडे और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

11 रेलवे कर्मचारियों को मिला 'रोल मॉडल पुरस्कार'

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना ने 26 मार्च 2025 को सीएसएमटी सभागार में आयोजित 'दिव्यांगजन विशेष दिवस' के अवसर पर 11 दिव्यांगजन रेलवे कर्मचारियों को रोल मॉडल पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और प्रेरणादायक कार्यों के लिए दिया गया।

दिव्यांग कर्मचारियों को विशेष उपकरणों की सौगात

समारोह में 7 दिव्यांग कर्मचारियों को अनुकूल उपकरण प्रदान किए गए, जिनमें 4 कर्मचारियों को विशेष सॉफ्टवेयर युक्त लैपटॉप, 1 कर्मचारी को स्मार्टफोन, 1 कर्मचारी को स्मार्ट एआई चश्मा और 1 कर्मचारी को वॉकिंग स्टिक शामिल है। इसके अलावा, रेलवे कर्मचारियों के दो दिव्यांगजन बच्चों को ऑर्थोसिस उपकरण और स्टेटिक साइकिल भी भेंट की गई।

दिव्यांग कर्मचारियों के लिए सुविधाओं का विस्तार

महाप्रबंधक श्री मीना ने बताया कि मध्य रेल में 1,253 दिव्यांगजन कर्मचारी कार्यरत हैं। उन्हें आवश्यक उपकरण और सुविधाएं देकर सशक्त बनाने के लिए रेलवे लगातार प्रयासरत है। कार्यस्थलों पर भी दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

16,903 घरकुल लाभार्थियों के लिए भूमिपूजन संपन्न

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार '100 दिवसीय कार्यक्रम' और 'महा आवास अभियान 2024-25' के तहत ठाणे जिले में 16,903 घरकुल लाभार्थियों के घरों का भूमिपूजन किया गया। यह कार्यक्रम 27 मार्च को सुबह 10 बजे सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ।

जिला अधिकारियों की उपस्थिति में भूमिपूजन



भिवंडी तहसील के राहुर ग्राम पंचायत के कुंभारपाड़ा में जिलाधिकारी अशोक शिनगारे और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के हाथों भूमिपूजन किया गया। इसके अलावा, दोनों अधिकारियों ने शाहपुर और मुरबाड की ग्राम पंचायतों में भी भूमिपूजन कार्यक्रम में भाग लिया।

नेरल स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कमिशनिंग के लिए विशेष ब्लॉक

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेलवे ने 30 मार्च को 08.30 बजे से 14.30 बजे तक नेरल स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कमिशनिंग हेतु विशेष ब्लॉक परिचालित करेगा।

डाउन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का रेगुलेशन

सीएसएमटी-चेन्नई एक्सप्रेस (22159) को वांगनी स्टेशन पर 14:11 से 14:30 बजे तक रोका जाएगा, जबकि एलटीटी-काकीनाडा एक्सप्रेस (17222) 15 से 20 मिनट की देरी से चलेगी। इसके अलावा, कई उपनगरीय ट्रेनों को बदलापुर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ऑरिजनेट किया जाएगा, जबकि कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों को कर्जत-पनवेल मार्ग से डायवर्ट कर पनवेल और ठाणे स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा।

शॉर्ट टर्मिनेट ट्रेनें

कई उपनगरीय ट्रेनों को बदलापुर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। सीएसएमटी-कर्जत लोकल एस-17 (09:57 प्रस्थान), एस-19 (10:36 प्रस्थान), एस-21 (11:14 प्रस्थान), ठाणे-कर्जत लोकल टीएस-5 (12:05 प्रस्थान) और सीएसएमटी-खोपोली लोकल केपी-5 (12:20 प्रस्थान)। इसके अलावा, सीएसएमटी-कर्जत लोकल एस-15, जो सीएसएमटी से 09:30 बजे प्रस्थान करेगी, अंबरनाथ स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट कर दी जाएगी।

अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का डायवर्जन

कई उपनगरीय और एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। सीएसएमटी-कर्जत और ठाणे-कर्जत की कई लोकल ट्रेनें बदलापुर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट की जाएंगी, जबकि कुछ कर्जत-सीएसएमटी और कर्जत-ठाणे लोकल ट्रेनें बदलापुर से शॉर्ट ऑरिजनेट होंगी। इसके अलावा, कर्जत-सीएसएमटी लोकल एस-34 अंबरनाथ से शुरू होगी। वहीं, कोइमबतूर-एलटीटी एक्सप्रेस (11014), चेन्नई-एलटीटी एक्सप्रेस (12164) और मिरज-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस (12493) को कर्जत-पनवेल मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा, और यात्रियों की सुविधा के लिए पनवेल व ठाणे स्टेशनों पर ठहराव दिया जाएगा।

शॉर्ट ऑरिजनेट ट्रेनें

कई उपनगरीय ट्रेनें बदलापुर स्टेशन से शॉर्ट ऑरिजनेट होंगी। कर्जत-सीएसएमटी लोकल एस-26 (11:25 प्रस्थान), एस-28 (12:00 प्रस्थान), एस-30 (12:23 प्रस्थान), एस-32 (13:00 प्रस्थान) और कर्जत-ठाणे लोकल टीएस-2 (13:27 प्रस्थान)।

मुंबादेवी मंदिर में 30 मार्च से नवरात्रि उत्सव

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के प्रसिद्ध मुंबादेवी मंदिर में 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि उत्सव का शुभारंभ होगा। मंदिर के प्रबंधक हेमंत जाधव के अनुसार, गुढ़ी पाडवा के दिन सुबह 9:20 बजे घट स्थापना के साथ नवरात्रि आरंभ होगी। बुधवार 2 अप्रैल को पंचमी है। उस दिन शाम को मंदिर में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शनिवार 5 अप्रैल को दुर्गाष्टमी है। रविवार 6 अप्रैल को राम नवमी हवन तथा नवचंडी यज्ञ होगा। सुबह 10 बज कर 30 मिनट से हवन प्रारंभ होगा, जो शाम तक चलेगा। पांच साढ़े पांच बजे तक पूर्णाहुति होगी। इस अवसर पर धूप से बचने के लिए मुंबादेवी परिसर में मंडप बनाया गया है। देवी भक्तों के लिए ठंडे पानी तथा शरबत की व्यवस्था की गई है। वरिष्ठ नागरिक एवं गर्भवती महिलाओं के लिए दर्शन की अलग से व्यवस्था की गई है।

IRCTC ने गर्मियों के लिए विशेष घरेलू हवाई यात्रा पैकेज किया लॉन्च

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (IRCTC) के पश्चिमी क्षेत्र कार्यालय ने मुंबई से विशेष घरेलू हवाई यात्रा पैकेज की शुरुआत की है। ये पैकेज यात्रियों को गर्मियों की छुट्टियों के दौरान एक सहज और यादगार यात्रा का अनुभव प्रदान करेंगे। IRCTC के पश्चिमी क्षेत्र के समूह महाप्रबंधक, श्री गौरव झा ने बताया कि ये पैकेज परिवारों, समूहों और अकेले यात्रियों को उत्तर भारत के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने का अवसर देंगे। इसमें यात्रियों को हवाई यात्रा की सुविधा, आरामदायक आवास और दर्शनीय स्थलों की यात्रा का लाभ मिलेगा।

हवाई पैकेज की प्रमुख तिथियां

कश्मीर : 20 अप्रैल, 3, 7, 18, 25 मई और 1 जून 2025
लद्दाख : 5, 10, 18, 24 मई 2025
गंगटोक-दार्जिलिंग : 19 अप्रैल, 3 और 18 मई 2025
हिमाचल : 28 अप्रैल और 19 मई 2025
चारधाम : 24 मई 2025

पर्यटन स्थलों का अद्भुत मिश्रण

IRCTC ने इन समर स्पेशल हवाई पैकेजों को इस तरह तैयार किया है कि वे अवकाश, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और दर्शनीय स्थलों का एक अनूठा संयोजन प्रस्तुत करें। पैकेज के तहत यात्री हिमाचल, गंगटोक-दार्जिलिंग, कश्मीर, लद्दाख और चारधाम जैसी रोमांचक जगहों की यात्रा कर सकते हैं।

सुविधाओं से भरपूर यात्रा पैकेज

ये पैकेज किफायती दरों पर वापसी हवाई टिकट, स्थानांतरण और दर्शनीय स्थल भ्रमण, भोजन, प्रवेश शुल्क, टूर गाइड, यात्रा बीमा और जीएसटी सहित सभी समावेशी सुविधाएं प्रदान करते हैं। IRCTC के अनुसार, इन पैकेजों को लेकर यात्रियों में जबरदस्त रुचि देखी जा रही है। बुकिंग IRCTC की आधिकारिक वेबसाइट www.irctctourism.com पर शुरू हो चुकी है। अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए यात्री वेस्ट ज़ोन मुंबई कार्यालय (8287931886, व्हाट्सएप या एसएमएस) पर संपर्क कर सकते हैं।

पश्चिम रेलवे पर 30 मार्च को कोई डे ब्लॉक नहीं

रात में सांताक्रूज़-माहिम के बीच जंबो ब्लॉक

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे ने रविवार, 30 मार्च 2025 को किसी भी डे ब्लॉक की योजना नहीं बनाई है। हालांकि, शनिवार/रविवार, 29/30 मार्च की मध्यरात्रि को सांताक्रूज़ और माहिम स्टेशनों के बीच रात्रिकालीन ब्लॉक लिया जाएगा। डाउन स्लो लाइन पर रात 01:00 से 04:30 बजे तक (03.30 घंटे का ब्लॉक) और अप स्लो लाइन पर रात 00:30 से 04:30 बजे तक (04 घंटे का ब्लॉक) रहेगा। इस ब्लॉक के दौरान रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग प्रणाली और ऊपरी उपस्करों के रखरखाव का कार्य किया जाएगा।

ट्रेनों के संचालन में बदलाव

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस दौरान डाउन स्लो लाइन की लोकल ट्रेनें मुंबई सेंट्रल (लोकल) से सांताक्रूज़ के बीच डाउन फास्ट लाइन पर चलाई जाएंगी। इस वजह से लोअर परेल, माहिम और खार रोड स्टेशनों पर इन ट्रेनों का दोहरा ठहराव होगा। महालक्ष्मी, प्रभादेवी और माटुंगा रोड स्टेशनों पर ट्रेनें नहीं रुकेंगी, क्योंकि प्लेटफॉर्म उपलब्ध नहीं हैं। इसी तरह, अप स्लो लाइन की लोकल ट्रेनें सांताक्रूज़ से मुंबई सेंट्रल (लोकल)/चर्चगेट तक अप फास्ट लाइन पर चलाई जाएंगी। इस दौरान खार रोड स्टेशन पर दोहरा ठहराव होगा। माहिम, माटुंगा रोड, प्रभादेवी, लोअर परेल और महालक्ष्मी स्टेशनों पर ट्रेनें नहीं रुकेंगी, क्योंकि वहां प्लेटफॉर्म उपलब्ध नहीं हैं।

9/आई प्रभाग में अनधिकृत झोपड़ियों पर निष्कासन की कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

महापालिका आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ के निर्देश पर और अनधिकृत निर्माण नियंत्रण विभाग के उपायुक्त अवधुत तावडे के मार्गदर्शन में, 9/आई प्रभाग के सहायक आयुक्त भारत पवार ने द्वारली क्षेत्र में 6 झोपड़ियों के 42 जोतों पर निष्कासन की कार्रवाई की। इस अभियान में महापालिका पुलिस अधिकारियों, फेरीवाला हटाव दल के सदस्यों, 1 जेसीबी और 5 श्रमिकों की मदद से अवैध निर्माणों को हटाया गया। महापालिका प्रशासन ने यह कठोर कदम उठाते हुए शहर में अव्यवस्था को समाप्त करने और अनधिकृत निर्माणों पर सख्ती से कार्रवाई करने का संकेत दिया है।

टोरेंट पावर ने किया भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन

इफ्तार पार्टी में शामिल हुए पब्लिक, नेता व पुलिस

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

हर साल की तरह इस वर्ष भी टोरेंट पावर ने सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने और एकजुटता बढ़ाने के उद्देश्य से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। बुधवार, 26 मार्च 2025 को बालाजी बैंक्वेट हॉल, अंजुरफाटा में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन, महानगरपालिका अधिकारी, राजनीतिक हस्तियां, मीडिया प्रतिनिधि और क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। टोरेंट पावर के उपाध्यक्ष स्नेहल देसाई, जीवन क्लर्क, अभिजीत काले, सुधीर देशमुख और पीआरओ चेतन बदियानी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

धार्मिक और सामाजिक सौहार्द पर चर्चा

कार्यक्रम के दौरान सैयद मुफ्ती मोहम्मद उजैफा कासमी ने रमजान और इफ्तार के महत्व पर प्रकाश डाला। उपस्थित अतिथियों ने टोरेंट पावर की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन शहर में सौहार्द, सहयोग और शांति बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। टोरेंट पावर के पीआरओ चेतन बदियानी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से कंपनी और समाज के बीच संबंध और अधिक मजबूत होते हैं, जिससे सामुदायिक विकास को बढ़ावा मिलता है।

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकते हैं। बेवजह तनाव रह सकता है। सिर में चोट लग सकती है। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा।

वृष मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

मिथुन कोई अप्रत्याशित खर्च सामने आएगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। असमंजस की स्थिति बनेगी। लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें। भावनाओं को वश में रखें। मन की बात किसी को न बतलाएं।

कर्क यात्रा लंबी तथा मनोरंजक रह सकती है। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह से ओत-प्रोत रहेंगे।

सिंह ऐश्वर्यादि पर खर्च होगा। यश बढ़ेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नए काम मिल सकते हैं। आर्थिक वृद्धि के लिए योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है।

कन्या सुख के साधन जुटेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मित्रों का साथ मिलेगा। प्रयास सफल रहेंगे। किसी विवाद में विजय मिल सकती है। सामाजिक काम करने का मन बनेगा। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

तुला वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अनहोनी की आशंका निर्मूल नहीं हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के मामलों में हाथ न डालें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

वृश्चिक शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। संतान संबंधी बुरी सूचना प्राप्त हो सकती है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। सृजनशीलता का विकास होगा।

धनु विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। किसी धार्मिक स्थल के दर्शन का कार्यक्रम बन सकता है। मित्रों से भेंट होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

मकर राजकीय मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। सामान्य प्रतिष्ठा, सम्मान से उत्साहित रहेंगे। खर्चों में कमी का प्रयास करना होगा।

कुंभ स्थायी संपत्ति की खरीदी-बिक्री की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों तथा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

मीन परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

सफल ज्योतिषी कब बन पाएंगे कैसा रहेगा कैरियर

ज्योतिषी कब बन पाते है साथ ही ज्योतिष के क्षेत्र में कैसा रहेगा कैरियर आदि? कुंडली का पंचम और नवम भाव और बुध गुरु चन्द्र मुख्य रूप से जिम्मेदार है। पंचम और नवम भाव ज्ञान और उच्च शिक्षा का है तो चन्द्र गुरु बुध ज्ञान है। जब भी आपस में नवम और पंचम भाव के स्वामियों के बीच आपस मे सम्बन्ध बनेगा या नवम भाव का पंचम भाव से या पंचम भाव का नवम भाव से बलवान गुरु बुध सहित संबंन्ध बनेगा तब ज्योतिषी बन जाते है।

ज्योतिषी हस्तरेखा विषेशज्ञ बनने के लिए नवम और पंचम भाव का और इनके स्वामियों का बलवान होना और आपसी संबंध होने पर ही अच्छा ज्योतिषी बन पाएंगे क्योंकि पंचम और नवम भाव ज्योतिष का है नवम भाव उच्च ज्योतिषी ज्ञान का है।

इस संबंध में द्वितीय भाव का स्वामी का संबंध भी हर कही बात ज्योतिषी की सत्य होगी क्योंकि द्वितीय भाव वाणी का है।

अब उपरोक्त सम्बन्ध का संबंध दशम भाव या दशम भाव स्वामी से होगा तब ज्योतिष के क्षेत्र में अच्छा कैरियर, प्रोफेशनली अच्छी सफलता और प्रसिद्ध

प्रियंका जैन
9769994439

ज्योतिषीय बन जायेंगे, दशम भाव या भावेश का संबन्ध ज्योतिषीय योगों से होने पर ही प्रोफेशनली और नामी हस्तरेखा विषेशज्ञ बन पाएंगे।

अब कुछ उदाहरणों से समझते है कैसे।

उदाहरण मेष लग्न अनुसार1:-

मेष लग्न में यहाँ पंचम भाव स्वामी सूर्य तो नवम भाव स्वामी गुरु है , अब सूर्य गुरु यहाँ पंचम भाव में एक साथ बैठे हो साथ ही शुक्र भी साथ में बैठ जाये तब बहुत नामी ज्योतिषाचार्य बनेंगे, साथ ही दशम भाव या दशम भाव स्वामी शनि का संबंध भी उपरोक्त संबंध से है तब प्रोफेशनल सफलता अच्छा कैरियर ज्योतिष के क्षेत्र में बन जायेगा।

उदाहरण मीन लग्न अनुसार2:-

मीन लग्न में पंचमेश चन्द्र नवमेश मंगल व लग्नेश और दशमेश गुरु तीनों आपस में बलवान होकर संबन्ध बनाकर बैठे हो और बुध बलवान है तब सफल , ज्योतिष बनेंगे और अच्छा कैरियर सफलता ज्योतिष सीखने के बाद मिल जाएगी। अब एक उदाहरण से समझते है कब ज्योतिष तो बन जायेंगे लेकिन प्रोफेशनली स्तर पर व अच्छा कैरियर सफलता ज्योतिष में नही मिल पाएगी?

उदाहरण तुला लग्न अनुसार:-

तुला लग्न में पंचम भाव स्वामी शनि नवम भाव स्वामी बुध दोनो बलवान होकर नवम भाव मे बैठ जाये साथ ज्ञान कारक गुरु का भी शनि बुध से संबन्ध बन जाये तब ज्योतिषीय जरूर बन जायेंगे, लेकिन अब दशम भाव या दशम भाव स्वामी चन्द्र की स्थिति यहाँ अच्छी न हो , या दशमेश चन्द्र या दशम भाव का सम्बन्ध किसी भी तरह से ज्योतिषीय योग में नही है तब इस क्षेत्र में नामी, प्रोफेशनली अच्छी सफलता व कैरियर नही बन पाएगा क्योंकि यह सब दशम भाव या दशम भाव के स्वामी के सहयोग से ही हो पाता है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

अब बुधवार को प्रयागराज नहीं जाएगी वंदे भारत एक्सप्रेस

एजेंसी । प्रयागराज

बनारस से वाया प्रयागराज-आगरा कैंट के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का शेड्यूल बदल दिया गया है। यह ट्रेन अभी सप्ताह में छह दिन आती है। यह ट्रेन अब प्रत्येक बुधवार को प्रयागराज नहीं आएगी। यानी इस ट्रेन का संचालन अब बुधवार को नहीं होगा। अभी तक यह ट्रेन शुक्रवार को नहीं चलती थी, लेकिन अब इसकी समय सारिणी में बदलाव किया गया है। यह बदलाव 26 मई से प्रभावी हो जाएगा।

भिलाई नगर निगम का 800 करोड़ का अनुमानित बजट पेश

एजेंसी । भिलाई

भिलाई नगर निगम के बजट सत्र में गुरुवार को भारी हंगामा देखने को मिला। महापौर नीरज पाल सदन में 800 करोड़ रुपए का अनुमानित बजट पेश किया गया। लेकिन बजट पेश होते ही विपक्षी पार्षदों ने इसे लेकर तीखा विरोध शुरू कर दिया। सदन में बीजेपी और कांग्रेस पार्षदों के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप हुए और कई बार माहौल तनावपूर्ण हो गया।

जामा मस्जिद कमेटी के सदर की जमानत याचिका खारिज

एजेंसी । संभल

संभल जामा मस्जिद के सदर जफर अली की जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। मामले में अब दो अप्रैल को सुनवाई होगी। सरकारी वकील ने बताया कि अभियुक्त की ओर से अंतरिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की गई थी। जिसे अदालत ने अस्वीकार कर दिया। संभल बवाल में गलत बयानबाजी करने के आरोप में पुलिस ने रविवार को उन्हें गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें अदालत के आदेश पर मुरादाबाद जेल भेज दिया गया था।

एसीबी के हत्थे चढ़ा घूसखोर रोजगार सेवक

एजेंसी । चतरा

भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार को एसीबी हजारीबाग की ट्रैप टीम ने चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड में जाल बिछाकर रोजगार सेवक उमेश कुमार को 5 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से पूरे महकमे में हड़कंप मच गया है। रोजगार सेवक उमेश कुमार को इटखोरी बाजार स्थित महाराजा फर्नीचर दुकान से पकड़ा गया। वह इटखोरी प्रखंड के नरचाकला गांव निवासी विनोद सिंह से मनरेगा योजना के तहत तटबंध निर्माण का पूरा काम कराने के नाम पर 26 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था। एसीबी हजारीबाग के एसपी आरिफ इकराम ने बताया कि विनोद सिंह ने लिखित शिकायत की थी कि उनके परिवार के नाम पर गांव में मनरेगा योजना के तहत तटबंध निर्माण की मंजूरी मिली थी। काम पूरा हो जाने के बावजूद रोजगार सेवक रिश्वत की मांग कर रहा था।

तस्कर देवीलाल की संपत्ति फ्रीज

एजेंसी । चित्तौड़गढ़

तस्करी के आरोपी देवीलाल गुर्जर ने मादक पदार्थों के अवैध व्यापार से दो करोड़ की सम्पत्तियां अर्जित कर ली। पुलिस ने इन अवैध संपत्तियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 F के तहत फ्रीज कर दिया। अब इन संपत्तियों के दस्तावेज संबंधित अथॉरिटी को भिजवाए दिए गए।

16 साल बाद बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज को मिलेगा ब्लड बैंक

ब्लड बैंक के लिए जारी किए गए हैं ढाई करोड़ रुपए

एजेंसी । सागर

मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में 16 साल बाद आखिरकार ब्लड बैंक की सुविधा शुरू होने जा रही है। 2009 में स्थापित इस मेडिकल कॉलेज में अब तक ब्लड बैंक, कैथ लैब जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण सुपर स्पेशलिटी सेवाएं शुरू नहीं हो पाई थीं। हालांकि, विधानसभा के बजट सत्र में स्थानीय विधायक शैलेन्द्र जैन द्वारा इस मुद्दे को उठाने के बाद राज्य सरकार ने ब्लड बैंक के लिए 2.5 करोड़ रुपये मंजूर कर दिए हैं।

विधानसभा में उठा मुद्दा, ब्लड बैंक के लिए स्वीकृत हुए 2.5 करोड़

बीजेपी विधायक शैलेन्द्र जैन ने विधानसभा में इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा, ₹अगर कोई व्यवस्था ठीक नहीं है, तो उसे सुधारना हमारी जिम्मेदारी है। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सिर्फ सागर ही नहीं, बल्कि पूरे बुंदेलखंड के लिए मील का पत्थर है। नए डीन के आने के बाद सुधार की प्रक्रिया शुरू हुई है और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की कोशिश की जा रही है।₹ राज्य सरकार ने ब्लड बैंक के लिए 2.5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है, जिसकी जानकारी उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने दी है।

बुनियादी सुविधाओं के अभाव में मरीजों को करना पड़ता है महानगरों का रुख

सागर संभाग का यह इकलौता मेडिकल कॉलेज होने के बावजूद हृदय रोग, कैंसर और न्यूरो जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज यहां संभव नहीं है। सुविधाओं की कमी के कारण मरीजों को अभी भी बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज 40 साल के संघर्ष के बाद 2009 में शुरू हुआ था, लेकिन ब्लड बैंक और कैथ लैब जैसी सुविधाएं अब तक उपलब्ध नहीं थीं।

कैथ लैब पीपीपी मॉडल पर शुरू करने की योजना

विधायक जैन ने बताया कि कैथ लैब को पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत शुरू किया जाएगा। इसके लिए आउटसोर्सिंग के जरिए मशीनें लगाई जाएंगी और कैथ लैब स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा, 'जिस तरह जिला अस्पताल में सीटी स्कैन सेवाएं दी जा रही हैं, उसी तरह मेडिकल कॉलेज में कैथ लैब संचालित की जाएगी।'

सुपर स्पेशलिटी सेवाओं की ओर बढ़ा मेडिकल कॉलेज

इन नई सुविधाओं के शुरू होने के बाद बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी सेवाओं की शुरुआत होने की उम्मीद है। सरकार धीरे-धीरे सभी कमियों को दूर करने की दिशा में काम कर रही है, जिससे आने वाले समय में सागर और बुंदेलखंड के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

रिहैब सेंटर में फूड प्वाइजनिंग से 4 बच्चों की मौत

15 अस्पताल में भर्ती

एजेंसी । लखनऊ

राजधानी के निर्वाण रिहैबिलिटेशन सेंटर में रात का खाना खाने के बाद 33 बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इनमें से 4 बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि 15 से अधिक बच्चों का इलाज जारी है। हादसे के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया और देर रात से ही अधिकारियों का दौरा जारी रहा। डीएम ने घटना की पुष्टि की है।

बच्चों की हालत अब स्थिर, जांच जारी

मंडलायुक्त डॉ। रोशन जैकब ने कहा कि बच्चों की हालत अब स्थिर है और घटना की गहराई से जांच की जा रही है। यह भी देखा जाएगा कि रिहैब सेंटर ने समय पर अस्पताल को सूचना दी थी या नहीं। उन्होंने बताया कि इस सेंटर का पहले भी निरीक्षण किया गया था और वहां उचित व्यवस्थाएं थीं, हालांकि कुछ बजट की कमी थी, जिसे मंजूरी दी गई थी।

बच्चों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया

फूड प्वाइजनिंग की वजह से कई बच्चों के पेट से 6 इंच लंबे कीड़े भी निकले। ज्यादातर बच्चों को लोकबंधु हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जबकि दो बच्चों का इलाज बलरामपुर अस्पताल में चल रहा है। प्रशासन ने जांच के लिए नगर निगम और फूड विभाग की टीम को लगाया है।

मंडलायुक्त और प्रमुख सचिव ने अस्पताल का दौरा किया

सुबह होते ही मंडलायुक्त रोशन जैकब, प्रमुख सचिव लीना जौहरी और डीएम लखनऊ अस्पताल पहुंचे और बच्चों की सेहत की जानकारी ली। लोकबंधु हॉस्पिटल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने डॉक्टर्स को बेहतर से बेहतर इलाज के निर्देश दिए और बच्चों से भी बातचीत की।

हजारीबाग हिंसा पर पुलिस का एक्शन

दोनों पक्षों के 30 नामजद समेत 300 अज्ञातों पर एफआईआर

एजेंसी । हजारीबाग

जुलूस के दौरान पत्थरबाजी, हंगामा, तोड़फोड़ और फायरिंग मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। सदर थाना में मजिस्ट्रेट के आवेदन पर 30 नामजद सहित 300 अज्ञातों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में लोगों को नियंत्रित करने के लिए दो राउंड फायरिंग करने की जानकारी दी गई है।

वहीं, एक दर्जन लोग घायल हुए हैं। इनमें वरीय पुलिस अधिकारी, जवान और अन्य लोग शामिल है। प्राथमिकी में विवाद का केंद्र पंच मंदिर चौक के समीप अशोक चौक को बनाया गया है। मंगला जुलूस के दौरान ग्वालटोली चौक का जुलूस वहां से गुजरा था। अशोक चौक पर रात करीब 10 बजे जुलूस के गुजरने के दौरान आपत्तिजनक गाना बजाने का आरोप लगाया गया। मस्जिद रोड सहित अन्य क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। सदर थाना में शांति समिति और सद्भावना की बैठक बुलाई गई।

भागलपुर के पूर्व जिला पार्षद की संदिग्ध मौत

एजेंसी । भागलपुर

बिहार के भागलपुर जिले के पूर्व जिला परिषद सदस्य बीरबल मंडल का शव झारखंड के दुमका में संदिग्ध हालात में मिला था, जिसे लावारिस मानकर पुलिस ने दफना दिया था। अब परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को कब्र से निकालकर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। भागलपुर पुलिस और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को कब्र से बाहर निकाला गया। एसएसपी हृदय कांत ने कहा कि परिजनों की शिकायत पर नए सिरे से जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

बनारस के 50 मोहल्लों के नाम बदलेंगे

खालिसपुरा कहलाएगा ब्रह्मतीर्थ

एजेंसी । वाराणसी

मुगल काल से जुड़े मोहल्लों और इलाकों के नाम बदलने की मांग देशभर में जोर पकड़ रही है। इसी क्रम में वाराणसी में 'औरंगाबाद' मोहल्ले का नाम बदलने की प्रक्रिया तेज हो गई है। हिंदूवादी संगठनों की मांग पर नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में इस प्रस्ताव पर चर्चा करने जा रहा है। इसके साथ ही शहर के 50 से अधिक मोहल्लों के नाम बदलने की योजना भी बनाई जा रही है।

'औरंगाबाद' का नया नाम 'लक्ष्मी नगर' या 'नारायणी धाम' हो सकता है

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि होने वाली कार्यकारिणी की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी, जिसमें औरंगाबाद मोहल्ले का नाम बदलने का प्रस्ताव भी शामिल है। प्रस्ताव पारित होने के बाद इसे मिनी सदन में रखा जाएगा, जहां पार्षदों की सहमति के बाद नाम परिवर्तन को अंतिम मंजूरी दी जाएगी।

हरिद्वार में अवैध धार्मिक स्थल पर चला बुलडोजर

सिंचाई विभाग की जमीन पर था अवैध कब्जा

एजेंसी । हरिद्वार

उत्तराखंड सरकार के निर्देशानुसार अवैध धार्मिक स्थलों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हरिद्वार के सुमन नगर क्षेत्र में सिंचाई विभाग की जमीन पर बनी अवैध धार्मिक स्थल को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। जिला प्रशासन ने कुछ दिन पहले नोटिस जारी किया था, जिसकी समय सीमा समाप्त होते ही बुलडोजर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कार्रवाई के दौरान SDM अजय वीर समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। भारी पुलिस बल तैनात किया गया ताकि किसी भी तनावपूर्ण स्थिति से निपटा जा सके।

अवैध निर्माणों पर सख्ती जारी रहेगी

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध धार्मिक संरचनाओं को हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई किसी धर्म विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की नीति का हिस्सा है।

हरिद्वार में अब तक 10 अवैध मदरसे सील

हरिद्वार के SDM अजय वीर सिंह ने बताया कि अब तक जिले में एक दर्जन से अधिक अवैध मजारों को ध्वस्त किया जा चुका है। इसके अलावा, हरिद्वार में 10 अवैध मदरसों को भी सील किया गया है।

व्यापार जगत

मुकेश अंबानी दुनिया के शीर्ष-10 अमीरों की सूची से बाहर लेकिन देश में सबसे अमीर

नई दिल्ली। भारत और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों की नई रैंकिंग जारी कर दी गई है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट-2025 के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी दुनिया के शीर्ष-10 अमीरों की सूची से बाहर हो गए हैं। हालांकि, वह भारत और एशिया के सबसे अमीर शख्स बने हुए हैं। उनकी कुल संपत्ति 8.6 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है। दूसरे स्थान पर गौतम अदाणी हैं, जिनकी संपत्ति का मूल्य 8.4 लाख करोड़ रुपये है। मुकेश अंबानी के बाहर होने के बाद फिलहाल दुनिया के शीर्ष-10 अमीरों की सूची में अब कोई भी भारतीय नहीं है। पिछले साल की तुलना में मुकेश अंबानी की संपत्ति में एक लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। इस संपत्ति में कमी के पीछे रिलायंस इंडस्ट्रीज का बढ़ता कर्ज का स्तर है। इसके अलावा कंपनी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म, नवीकरणीय ऊर्जा और खुदरा कारोबार के विस्तार की ओर कदम बढ़ाए हैं, जिसमें धीमी प्रगति का उनकी संपत्ति पर असर पड़ रहा है।

अदाणी ने सबसे ज्यादा संपत्ति जुटाई

सूची के अनुसार, गौतम अदाणी और उनके परिवार की संपत्ति में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग एक लाख करोड़ की वृद्धि हुई है। इसमें 13 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस तरह वह देश में पिछले एक साल में भारत में सबसे ज्यादा संपत्ति बनाने वाले शख्स बन गए हैं। अदाणी समूह ने बंदरगाहों, ऊर्जा उत्पादन, हवाई अड्डों, खनन, नवीकरणीय ऊर्जा, मीडिया और सीमेंट जैसे विविध क्षेत्रों में विस्तार किया है, जिससे उनकी संपत्ति में यह वृद्धि देखी गई है।

रोशनी नादर दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला

वहीं,, एचसीएल की रोशनी नादर, जिनके परिवार की कुल संपत्ति 3 .5 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है, दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला बन गईं हैं। दुनिया की शीर्ष-10 अमीर महिलाओं में जगह बनाने वाली वह पहली । भारतीय महिला हैं। इसके साथ ही भारत में वह तीसरे स्थान पर हैं। वह भारत के शीर्ष-10 सबसे अमीर व्यक्तियों में इकलौती महिला हैं। उनके पिता शिव नादर ने हाल ही में एचसीएल में 47% हिस्सेदारी उन्हें हस्तांतरित कर दी थी।

एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति

टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मालिक एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाने के बाद मस्क की नेटवर्थ में 82% (189 बिलियन डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है। अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस दूसरे नंबर पर है।

हुरुन लिस्ट से जुड़ी प्रमुख बातें

कुल अरबपति : दुनिया में 3,456 अरबपति हैं, जो 2024 में दर्ज 3,279 से 177 अधिक है। ये 5% की वृद्धि को दर्शाता है।

भारत में अरबपति : इनकी संख्या बढ़कर 284 हो गई है, जो पहले 271 थी। इनकी कुल संपत्ति 98 लाख करोड़ रुपए है।

वर्ल्ड सिटी रैंकिंग : न्यूयॉर्क 129 बिलेनियर्स के साथ दुनिया की बिलेनियर कैपिटल है। लंदन 97 बिलेनियर्स के साथ दूसरे स्थान पर है।

एशिया सिटी रैंकिंग : 90 बिलेनियर्स के बावजूद मुंबई ने एशिया की 'बिलेनियर कैपिटल' का तमगा खो दिया। शंघाई 92 बिलेनियर्स के साथ पहले नंबर पर है।

युवा बिलेनियर : सबसे युवा सेल्फ-मेड बिलेनियर बोल्ट के रेयान ब्रेस्लो (29) हैं, जिनकी संपत्ति 1.4 बिलियन डॉलर है।

अप्रैल में आरबीआई कर सकता है रेपो दर में 0.25% की कटौती: इंडिया रेटिंग्स

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति (MPC) अगले महीने अपनी समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25% की कटौती कर सकती है। यह अनुमान इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने गुरुवार को जारी अपनी रिपोर्ट में लगाया है।

मुद्रास्फीति घटने की उम्मीद

इंडिया रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र कुमार पंत ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति घटकर 4.7% रहने की उम्मीद है। इसके चलते वित्त वर्ष 2025-26 में मौद्रिक नीति में कुल 0.75% तक की कटौती संभव हो सकती है।

महंगाई दर नियंत्रण में आने से संभव है कटौती

इंडिया रेटिंग्स को उम्मीद है कि मार्च 2025 तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 21 तिमाहियों के अंतराल के बाद 4% से नीचे आ जाएगी। महंगाई दर नियंत्रण में आने से आरबीआई को नीतिगत दरों में कटौती का मौका मिल सकता है।

अमेरिका के जवाबी शुल्क का असर भी रहेगा अहम

रिपोर्ट में कहा गया कि अगर अमेरिका के जवाबी शुल्क का प्रभाव अपेक्षा से अधिक हुआ, तो आरबीआई मौद्रिक नीति में और अधिक ढील दे सकता है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की अगले वित्त वर्ष 2025-26 में छह बैठकें होंगी, जिनमें पहली 7 से 9 अप्रैल के बीच होगी।

शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी बढ़त के साथ बंद

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार ने बुधवार की गिरावट के बाद गुरुवार को तेजी दर्ज की। शुरुआती कमजोरी के बावजूद बाजार में लिवाली का जोर बना, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 317.93 अंक चढ़कर 77,606.43 अंक पर और निफ्टी 105.10 अंक की मजबूती के साथ 23,591.95 अंक पर बंद हुआ।

निवेशकों को 3.13 लाख करोड़ का मुनाफा

शेयर बाजार में आई तेजी से निवेशकों की संपत्ति 3.13 लाख करोड़ रुपये बढ़ी। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप 414.74 लाख करोड़ रुपये (अस्थायी आंकड़ा) पहुंच गया, जो बुधवार को 411.61 लाख करोड़ रुपये था।

आयकर कार्यालय 29-31 मार्च को खुले रहेंगे: सीबीडीटी

नई दिल्ली। आयकर विभाग के देशभर के कार्यालय 29 मार्च से लेकर 31 मार्च तक खुले रहेंगे, ताकि करदाताओं को चालू वित्त वर्ष के लिए लंबित कर संबंधी कामकाज निपटाने में सुविधा हो। चालू वित्त वर्ष 2024-25, 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने गुरुवार को जारी एक आदेश में कहा, ₹लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने की सुविधा के लिए, पूरे भारत में सभी आयकर कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च, 2025 को खुले रहेंगे। बयान के मुताबिक करदाताओं को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लंबित कर संबंधी कामकाज निपटाने में सुविधा प्रदान करने के लिए देशभर में आयकर विभाग के कार्यालय खुले रहेंगे।

अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स की अध्यक्ष सुजैन क्लार्क ने सीतारमण से की मुलाकात

नई दिल्ली। अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुजैन क्लार्क ने केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। वित्त मंत्री कार्यालय ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में बताया कि मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में सुजैन क्लार्क से मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष अतुल केशप भी मौजूद थे। इस अवसर पर वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सरकार भारत और अमेरिकी व्यवसायों के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंधों को महत्व देती है।

आईपीएल डायरी

चक्रवर्ती के साथ गेंदबाजी करना अद्भुत : अली

गुवाहाटी। कोलकाता नाइट राइडर्स के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान सुनील नारायण की जगह लेने वाले मोईन अली ने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति के साथ गेंदबाजी करने के आदी हैं जो उनसे बेहतर है। मोईन ने बुधवार को भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के साथ मिलकर विरोधी टीम को नौ विकेट पर 151 रन पर रोक दिया। उन्होंने कहा वरुण के साथ गेंदबाजी करना अद्भुत है। मोईन ने मैच के बाद कहा, मेरा काम रन गति पर लगाम कसना है जिससे कि वह दबाव बना सके और विकेट ले सके।

बहुतुले को अपने स्पिनरों पर भरोसा

गुवाहाटी। राजस्थान के स्पिनर महेश तीक्षणा और वानिंदु हसरंगा धीमे गेंदबाजों की मदद करने वाली पिच पर उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके। बावजूद इसके रॉयल्स के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले को उन पर पूरा भरोसा हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास हसरंगा और तीक्षणा जैसे स्पिनर हैं जो निश्चित रूप से विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। कई बार (मैच के दौरान) मुझे लगा कि उन्होंने शॉर्ट गेंदबाजी की। अगर वह ऐसा नहीं करते तो स्पिनरों को निश्चित रूप से मदद मिलती। लेकिन फिर मुझे लगता है कि वे अभी-अभी आईपीएल में आए हैं।

बेंगलुरु के लिए चेन्नई में खेलना बड़ी चुनौती : वाटसन

चेन्नई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा कि बेंगलुरु को शुक्रवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ अपने दूसरे आईपीएल मैच में चेपक की पिच की जरूरत के अनुसार अपने टीम संयोजन में बदलाव करना होगा। बेंगलुरु ने कोलकाता पर शानदार जीत दर्ज की लेकिन वाटसन का मानना है कि चेन्नई के खिलाफ उन्हें बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वाटसन ने कहा, बेंगलुरु के लिए चेपक में खेलना एक बड़ी चुनौती होगी। विशेषकर सुपरकिंग्स के पास मौजूद बेहतरीन गेंदबाजों को देखते हुए।

बेंगलुरु की निगाह चेपक का किला भेदने पर

- चेन्नई सुपर किंग्स के गढ़ में मिलेगा चैलेंजर्स को चैलेंज
- आरसीबी को यहां 17 साल से है जीत का इंतजार

एजेंसी । चेन्नई

आईपीएल के धमाकेदार आगाज के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की नजरें 17 साल बाद चेपक में जीत दर्ज करने पर होंगी। शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ उसके घरेलू मैदान चेपक स्टेडियम में आरसीबी को कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। बेंगलुरु ने 2008 में चेन्नई को यहां हराया था, लेकिन उसके बाद से वह इस मैदान पर जीत दर्ज नहीं कर पाया है।

चेन्नई की फिरकी तिकड़ी बनेगी मुश्किल

चेन्नई के पास रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और नूर अहमद की घातक स्पिन तिकड़ी है, जिसने पहले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। इन तीनों ने मिलकर 11 ओवर में 70 रन देकर 5 विकेट चटकाए थे। चेन्नई की पारंपरिक धीमी पिच को देखते हुए यह स्पिन तिकड़ी आरसीबी के लिए मुश्किलें बढ़ा सकती है।

कोहली के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी

बेंगलुरु की मौजूदा टीम में सिर्फ विराट कोहली ही 2008 की उस जीत का हिस्सा थे। अब वह एक बार फिर चेन्नई के किले में सेंध लगाने के लिए तैयार होंगे। हालांकि, चेन्नई की स्पिनरों की मददगार पिच पर उन्हें और उनकी टीम के बल्लेबाजों को बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा।

नंबर गेम

- 6 विकेट से हराया था चेन्नई ने बेंगलुरु को पिछले साल यहां खेले गए मुकाबले में
- 9 मैच चेपक में दोनों ने खेले हैं जिसमें से चेन्नई ने आठ और बेंगलुरु ने एक जीता है

आमने-सामने

कुल मैच :	33
चेन्नई जीता :	21
बेंगलुरु जीता :	11
बेनतीजा :	1

बल्लेबाजों को बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा

बेंगलुरु की मौजूदा टीम में सिर्फ विराट कोहली ही 2008 की उस जीत का हिस्सा थे। अब वह एक बार फिर चेन्नई के किले में सेंध लगाने के लिए तैयार होंगे। हालांकि, चेन्नई की स्पिनरों की मददगार पिच पर उन्हें और उनकी टीम के बल्लेबाजों को बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा।

टीम संयोजन में हो सकता है बदलाव

चेपक की पिच को देखते हुए बेंगलुरु डेविड की जगह बेथेल को प्लेइंग इलेवन में शामिल कर सकता है, जो बाएं हाथ के स्पिनर भी हैं। टीम को तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की फिटनेस पर भी नजर रखनी होगी।

स्पिन के खिलाफ कोहली की परीक्षा

कोहली की बल्लेबाजी हमेशा स्पिन के खिलाफ चुनौतीपूर्ण रही है, हालांकि पिछले दो सालों में उन्होंने स्वीप और स्लॉग स्वीप खेलने की कला में सुधार किया है। इस मुकाबले में उन्हें अपनी पूरी क्षमता दिखानी होगी।

चेन्नई की टीम भी सुधार की तलाश में

चेन्नई की टीम को अपने मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। शिवम दुबे, दीपक हुड्डा और सैम करन पिछले मैच में मुंबई के खिलाफ ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और रचिन रविंद्र को ज्यादा सहयोग देना होगा, जबकि महेंद्र सिंह धोनी से भी एक और शानदार पारी की उम्मीद रहेगी।

पथिराना की फिटनेस पर नजर

चेन्नई की टीम अपने शीर्ष तेज गेंदबाज पथिराना की फिटनेस पर भी नजर रखेगी, जो मुंबई के खिलाफ नहीं खेल पाए थे। बेंगलुरु के लिए यह मुकाबला चेपक में इतिहास दोहराने का मौका होगा, जबकि चेन्नई अपनी घरेलू पिच पर दबदबा बरकरार रखने उतरेगी। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है।

रैना को पछाड़ चेन्नई के शीर्ष स्कोरर बन जाएंगे धौनी

धौनी चेन्नई की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने से सिर्फ 19 रन दूर हैं। यह विकेटकीपर बल्लेबाज अब तक सुपर किंग्स की ओर से 235 मैच की 203 पारियों में 139.20 की स्ट्राइक रेट से 4669 रन बना चुका है। वह सुरेश रैना (4687 रन) को पीछे छोड़ देंगे। इन दोनों के अलावा टीम का कोई भी खिलाड़ी तीन हजार का आंकड़ा भी नहीं छू पाया है।

इगा को हरा इयाला अंतिम-4 में

मियामी ओपन

एजेंसी । मियामी गार्डंस

'जाइंट किलर युवा टेनिस खिलाड़ी एलेक्सांद्रा इयाला ने मियामी ओपन टूर्नामेंट में एक और उलटफेर कर दिया। उन्होंने महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और दूसरी वरीय इगा स्वियातेक को हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया। सेमीफाइनल तक के अपने सफर के दौरान एलेक्सांद्रा ने अब तक तीन ग्रैंड स्लैम विजेताओं को उलटफएर का शिकार बनाया है।

पहली बार अंतिम-चार में

फिलिपींस की बाएं हाथ की 19 साल की एलेक्सांद्रा ने स्वियातेक को एक घंटे और 37 मिनट चले मुकाबले में 6-2, 7-5 से शिकस्त देकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिला पेशेवर टूर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र खिलाड़ी दुनिया की 140वें नंबर की खिलाड़ी एलेक्सांद्रा को इस डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड मिला है। अब एलेक्सांद्रा की भिड़ंत शुक्रवार को अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगी।

राडुकानू का सफर खत्म

दूसरी ओर, चौथी वरीयता प्राप्त पेगुला ने ग्रेट ब्रिटेन की गैरवरीय एमा राडुकानू को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-4, 6-7, 6-2 से हराकर चार साल में तीसरी बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफलता हासिल की। महिला एकल के दूसरे सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय बेलारूस की 26 वर्षीय आर्यना सबालेंका का सामना छठी वरीय इटली की 21 साल की जैस्मीन पाओलिनी से होगा। पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में 14वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव ने पैर की जकड़न से जूझने के बावजूद 23वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को लगभग तीन घंटे में 6-7, 6-4, 7-6 से हराया। सेमीफाइनल में दिमित्रोव की भिड़ंत नोवाक जोकोविच और सबेस्टियन कोर्डा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी।

भाबंरी-नूनो का सफर क्वार्टर फाइनल में थमा

एजेंसी । मियामी गार्डंस

भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और पुर्तगाल के उनके जोड़ीदार नूनो बोर्गेस का मियामी ओपन में सफर क्वार्टर फाइनल में थम गया। भांबरी और नूनो की जोड़ी छठी वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल की चुनौती से पार नहीं पा सके। भाबंरी-नूनो कैश और लॉयड के खिलाफ एक घंटे 32 मिनट तक संघर्ष करने के बाद 6-7, 3-6, 8-10 से हारकर बाहर हो गए। निर्णायक सेट में दोनों जोड़ियों की बीच एक-एक अंक के लिए कड़ी टक्कर हुई पर अंत में इंग्लिश जोड़ी ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

इंडियन ओपन स्क्वैश के सेमीफाइनल में जोशना और अनाहत

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

भारतीय दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह इंडियन ओपन स्क्वैश के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। पूर्व एशियाई जोशना चिनप्पा ने बुधवार रात शीर्ष वरीय आकांक्षा सालुंखे को 56 मिनट चले पांच मैचों के मुकाबले में 3-2 (12-10, 13-11, 9-11, 9-11, 11-5) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। दूसरी ओर, 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने मिस्र के नादियन एल्हममी के खिलाफ 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी की और कड़े मुकाबले में 3-2 (11-6, 12-14, 8-11, 11-6, 11-9) से जीत हासिल की।

नितेश ने ग्रीको रोमन में कांस्य पदक जीता

एजेंसी । अम्मान

भारतीय पहलवान नितेश ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत लिया है। उन्होंने ग्रीको रोमन स्पर्धा के 97 किलोग्राम वर्ग में बुधवार रात अमानबेर्दी अगामम्मेदोव को हरा दिया। यह इस चैंपियनशिप में भारत का यह दूसरा पदक है।

एकतरफा मुकाबला

जॉर्डन के अम्मान में खेले गए मुकाबले में 22 साल के नितेश ने एकतरफा मुकाबले में तुर्कमेनिस्तान के अमानबेर्दी अगामम्मेदोव को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 9-0 से हराकर भारत के लिए दूसरा पदक पक्का किया। इससे पहले नितेश ने कजाखस्तान के इलियास को 9-0 से शिकस्त दी थी, लेकिन सेमीफाइनल में ओलंपिक चैंपियन ईरान के मोहम्मदहादी सरावी से उन्हें 0-9 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, ग्रीको रोमन टीम ने दो पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

बॉलीवुड की असफलता पर सलमान की राय

सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सिकंदर' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है, और उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म ईद के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी। फिल्म की कहानी और कलाकारों के दमदार अभिनय की पहले ही खूब तारीफ हो रही है। हाल ही में प्रचार-प्रसार के दौरान जब सलमान खान मीडिया से रूबरू हुए, तो उन्होंने कई सवालों के बेबाकी से जवाब दिए। इस दौरान उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर कमजोर प्रदर्शन को लेकर अपनी राय भी शेयर की, जिससे उनके प्रशंसकों में फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है।

फिल्मों की असफलता पर

सलमान खान ने फिल्मों की असफलता की जिम्मेदारी खुद पर लेते हुए कहा, 'दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाना स्टार की जिम्मेदारी होती है। स्टार वही होता है, जो पोस्टर पर दिखे और थिएटर में भीड़ खींचे। अगर फिल्में नहीं चलतीं, तो इसकी जवाबदेही भी उसी पर आती है।' इसके साथ ही सलमान ने फिल्मों के लेखन में हो रही गलतियों पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि हिंदी सिनेमा में क्वालिटी कंटेंट की कमी का बड़ा कारण कमजोर लेखन है। उनके अनुसार, जब तक फिल्मों की स्क्रिप्ट पर ध्यान नहीं दिया जाएगा, तब तक अच्छी फिल्मों की कमी बनी रहेगी।

बॉक्स ऑफिस पर सलमान की बेबाक राय

सलमान खान ने बॉलीवुड फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर मौजूदा स्थिति पर अपनी बेबाक राय रखते हुए कहा, 'जब फिल्में ही खराब बनेंगी, तो कैसे चलेंगी? जो भी फिल्में बन रही हैं, वो अच्छी नहीं हैं, इसमें मेरी फिल्में भी शामिल हैं। साफ बात है, अगर फिल्म अच्छी होगी तो चलेगी, और बुरी होगी तो नहीं चलेगी। इतनी गंदी फिल्में बनेंगी तो फ्लॉप ही होंगी, इसमें कोई शक नहीं है।'

फिल्मों के लेखन पर बोले सलमान

सलमान खान ने फिल्मों के लेखन पर कहा, 'ये मत सोचिए कि दर्शकों को कुछ समझ नहीं आएगा।' उन्होंने मौजूदा हालात पर तंज कसते हुए कहा, 'आजकल लेखक अपने लिए लिख रहे हैं। वे निर्देशकों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, और निर्माता भी एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में हैं। हर कोई बस ये दिखाना चाहता है कि फिल्म कैसे बनाई जाती है। फिल्म दर्शकों के लिए बनानी चाहिए। इसे ऐसे लिखिए कि अगर आप खुद पहली पंक्ति में बैठें, तो इसका आनंद लें। दर्शकों को हल्के में मत लीजिए, वे बहुत समझदार हैं।'

सलमान ने दी निर्माताओं-निर्देशकों को सलाह

सलमान खान ने निर्माताओं और निर्देशकों को महत्वपूर्ण सलाह देते हुए कहा, 'दर्शक अब बहुत आगे निकल चुके हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म की वजह से उनके पास दुनिया भर की फिल्में और हर तरह का सिनेमा देखने का विकल्प है। फिल्म तभी बनाओ, जब आपके पास एक बेहतरीन स्क्रिप्ट हो। इसे अपने पसंदीदा सितारों की उपलब्धता, उनकी तारीखों, या अपने बजट को ध्यान में रखकर मत बनाइए।' उन्होंने फिल्म निर्माताओं से आग्रह किया कि वे सही कारणों और मकसद से फिल्में बनाएं, न कि सिर्फ ट्रेंड या जल्दबाजी

'पेड्डी' का धमाकेदार फर्स्ट लुक हुआ जारी

दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता राम चरण 27 मार्च को अपना 40वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास अवसर पर उनके प्रशंसकों के लिए एक बड़ा सरप्राइज सामने आया है। दरअसल, राम चरण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आरसी16' के शीर्षक का खुलासा कर दिया गया है। इसके साथ ही फिल्म से राम चरण की पहली झलक भी जारी की गई है, जिसमें उनका दमदार और स्टाइलिश अवतार देखने को मिल रहा है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में दर्शकों को अभिनेता का अब तक का सबसे अनोखा रूप देखने को मिलेगा।

राम चरण की आगामी फिल्म का नाम 'पेड्डी' रखा गया है, जिसमें उनकी जोड़ी पहली बार जाह्नवी कपूर के साथ बनी है। यह पहली बार होगा जब राम चरण और जाह्नवी कपूर बड़े पर्दे पर एकसाथ नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन बुची बाबू सना कर रहे हैं, जो इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं। 'पेड्डी' एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। हालांकि, फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं हुआ है।

आमिर खान ने लॉन्च किया अपना यूट्यूब चैनल 'आमिर खान टॉकीज'

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने 30 साल के कैरियर में अपनी फिल्मों से हमेशा लोगों का दिल जीता है। शानदार एक्टिंग के अलावा, प्रोड्यूसर के तौर पर भी उन्होंने आमिर खान प्रोडक्शंस के जरिए कई सुपरहिट फिल्में दी हैं, जो सिनेमा की दुनिया में नया मुकाम बना चुकी हैं। अब आमिर खान ने अपने प्रोडक्शन हाउस का यूट्यूब चैनल 'आमिर खान टॉकीज' लॉन्च करने का ऐलान किया है। यह चैनल खासकर उन लोगों के लिए है, जो फिल्मों की दुनिया को करीब से जानना चाहते हैं। यहां पर्दे के पीछे की अनदेखी कहानियां, शूटिंग के मजेदार किस्से और फिल्मों को लेकर गहरी चर्चाएं देखने को मिलेंगी।



अपने यूट्यूब चैनल की घोषणा करते हुए आमिर खान प्रोडक्शंस ने एक वीडियो शेयर किया और लिखा, 'सिनेमा, कहानियां और अनफिल्टर्ड मोमेंट्स! हमने ऐसी कहानियां बनाई हैं, जिन पर आप सालों तक हंसे, रोए और सोचे। अब हम आपको आमिर खान टॉकीज के जरिए सिनेमा की दुनिया में एक नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं! यह एक ऐसी जगह होगी, जहां स्टोरीटेलिंग और रियलिटी का मिलन होगा। यहां आपको पर्दे के पीछे के अनदेखे लम्हों से लेकर उन फिल्मों पर गहरी बातचीत तक सब कुछ मिलेगा, जिन्होंने हमें बनाया है।' इस चैनल पर सिर्फ फिल्मों के बनने की कहानी नहीं, बल्कि एक्टर्स की बातें, ग्रुप डिस्कशन और फिल्ममेकिंग पर खुलकर चर्चा भी होगी।

पिता सैफ अली खान पर हुए हमले पर पहली बार बोलीं सारा अली खान

अभिनेता सैफ अली खान पर कुछ महीने पहले जानलेवा हमला हुआ था। आधी रात को घर में घुसे चोर ने सैफ पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें सैफ गंभीर रूप से घायल हो गया। करीना और इब्राहिम ने सैफ को रातों-रात लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया। उनके आवासीय भवन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए। सैफ की बेटी और अभिनेत्री सारा अली खान ने पहली बार उस घटना पर अपनी टिप्पणी की है।

सारा अली खान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'तब बहुत कुछ हो सकता था, लेकिन मैं भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं कि सब कुछ ठीक है। उस घटना ने हमें सबक दिया। हमें अपने जीवन का सम्मान करना चाहिए। इससे मुझे यह एहसास नहीं हुआ कि मैं अपने पिता से प्यार करती हूं, यह बात मैं 29 सालों से जानती हूं बल्कि इससे मुझे यह समझ आया कि ज़िंदगी एक पल में बदल सकती है। इसलिए, हर दिन और हर पल का जश्न मनाना चाहिए। इसने मुझे आभार व्यक्त करने के महत्व को गहराई से महसूस कराया।'

उन्होंने कहा, 'कभी-कभी हमें अपने परिवार के साथ समय बिताने के महत्व को समझने के लिए कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। चाहे वह कोविड जैसी महामारी हो या किसी पर हमला, ऐसे पल हमें यह एहसास कराते हैं कि ज़िंदगी की सच में कितनी अहमियत है। ज़िंदगी मायने रखती है, छोटी-छोटी खुशियां मायने रखती हैं। हर दिन इस बात का जश्न मनाएं कि आप ज़िंदा हैं, क्योंकि असली ज़िंदगी यही है।'

देश धर्मशाला नहीं : गृह मंत्री

लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पारित

गृह मंत्री अमित शाह ने दी सख्त चेतावनी

एजेंसी । नई दिल्ली

लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पारित हो गया। बिल पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने बिल के प्रावधानों को विस्तार से समझाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट और वीजा अनिवार्य होगा। बिना वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, जाली दस्तावेजों पर कड़ी सजा के प्रावधान किए गए हैं।

इमिग्रेशन प्रक्रिया में बड़े सुधार

- अब सभी एयरपोर्ट्स को डिजिटल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।
- 30 सेकंड में इमिग्रेशन क्लीयरेंस के लिए फास्टैग अप्रवासन यात्री कार्यक्रम लागू किया जाएगा।
- अप्रवासन चौकियों का आधुनिकीकरण किया जाएगा।

बिल के प्रमुख बिंदु

विदेशी नागरिकों का डेटा होगा अपडेट
अब भारत में आने वाले हर विदेशी नागरिक का डेटा दर्ज किया जाएगा। वे किस रास्ते से आए, कहां रुके और क्या कर रहे हैं, इसकी पूरी जानकारी सरकार के पास रहेगी।

अवैध प्रवासियों पर सख्ती
शाह ने कहा कि ड्रग्स कार्टेल, घुसपैठियों और हवाला कारोबारियों को रोकने के लिए इस बिल में कड़े प्रावधान जोड़े गए हैं।

पासपोर्ट और वीजा नियम होंगे सख्त
पासपोर्ट एक्ट को और अधिक सख्त बनाया जाएगा, जिससे वीजा की निगरानी मजबूत होगी और विदेशी पंजीकरण प्रक्रिया को और पुख्ता किया जाएगा।

वीजा खत्म होने पर निगरानी होगी अनिवार्य

अमित शाह ने कहा कि वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रुके विदेशी नागरिकों को ट्रैक किया जाएगा। सरकार के पास किसी भी दस्तावेज की जांच करने का पूरा अधिकार होगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता ने भाजपा को बहुमत दिया है और सरकार देश में अवैध घुसपैठ रोकने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

पश्चिम बंगाल सरकार पर घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप

गृह मंत्री शाह ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल सरकार घुसपैठियों के प्रति नरम रुख अपनाए हुए है। उन्होंने कहा कि राज्य की 450 किलोमीटर की सीमा असुरक्षित बनी हुई है, क्योंकि राज्य सरकार घुसपैठियों को आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज जारी कर रही है। अमित शाह ने दावा किया कि 2026 में भाजपा पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव जीतेगी और इस समस्या को दूर करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 10 बार राज्य सरकार को पत्र भेजकर सहयोग मांगा, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला।

देश की सुरक्षा सर्वोपरि

गृह मंत्री ने कहा कि इमिग्रेशन केवल एक अलग-थलग मुद्दा नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ा अहम विषय है। उन्होंने कहा कि भारत की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस बिल के माध्यम से इसे और मजबूत किया जाएगा।

बेंगलुरु गोल्ड स्मगलिंग मामला

रान्या की जमानत याचिका खारिज

बेल्लारी से बिजनेसमैन गिरफ्तार

एजेंसी । बेंगलुरु

गोल्ड स्मगलिंग मामले में गिरफ्तार कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को तीसरी बार जमानत देने से इनकार कर दिया गया। गुरुवार को बेंगलुरु सेशन कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पहले 12 और 14 मार्च को भी कोर्ट ने जमानत देने से इनकार किया था। गुरुवार को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बेल्लारी के सोना व्यापारी साहिल सकारिया जैन को गिरफ्तार किया। साहिल पर रान्या की सोना तस्करी में मदद करने का आरोप है। कोर्ट ने उसे 29 मार्च तक DRI की हिरासत में भेज दिया।

3 मार्च को एयरपोर्ट पर पकड़ी गई थी रान्या

रान्या राव को 3 मार्च को बेंगलुरु के केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 14.2 किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 10 मार्च को उनके दोस्त तरुण राजू को भी अरेस्ट किया गया।

तस्करी से जुड़ी वीरा डायमंड्स फर्म का नाम आया सामने

डीआरआई की जांच में वीरा डायमंड्स ट्रेडिंग नामक एक फर्म का नाम सामने आया। जांच के अनुसार, तरुण राजू 2023 में इस दुबई स्थित फर्म से जुड़ा था और बैंकॉक व जिनेवा से सोना आयात कर भारत में तस्करी कर रहा था। हालांकि, तरुण का कहना है कि वह दिसंबर 2024 में इस फर्म से अलग हो गया था।

रान्या के सौतेले पिता छुट्टी पर भेजे गए

इस मामले में रान्या के सौतेले पिता, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रामचंद्र राव से भी पूछताछ हुई। रान्या की गिरफ्तारी के कुछ दिनों बाद ही उन्हें अनिवार्य छुट्टी पर भेज दिया गया, लेकिन आदेश में इसका कोई कारण नहीं बताया गया।

सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर, बड़े सिंडिकेट से जुड़े तार

सीबीआई ने डीआरआई के एडिशनल डायरेक्टर अभिषेक चंद्र गुप्ता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की। जांच में खुलासा हुआ कि दुबई से संचालित एक अंतरराष्ट्रीय तस्करी सिंडिकेट से इसका कनेक्शन हो सकता है।

न्यूज़ ब्रीफ

नशा करने वाले 10 लोग एचआईवी संक्रमित मिले

मलप्पुरम। मादक पदार्थों का सेवन करने वाले 10 लोग एचआईवी संक्रमित पाए गए। डीएमओ आर.रेणुका ने बताया कि एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा एड्स के संभावित खतरों वाले समूह में बीमारी को लेकर जांच की जा रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई। रेणुका के अनुसार उसके निकट संपर्क में रहने वाले लोगों की जब जांच की गई तो उनमें नौ अन्य में भी संक्रमण पाया गया। उन्होंने बताया कि यह सभी नशावृत्ति में लिप्त हैं और एक ही समूह से हैं। आशंका है कि उन्होंने नशीले पदार्थों के सेवन के लिए एक ही सीरिंज का प्रयोग किया जिससे सभी संक्रमित हो गए। इसके बाद अब उनके संपर्क में रहने वाले अन्य लोगों की जांच भी कराई जा रही है।

आतंकी ठिकाने से गोला-बारूद बरामद

मेंढर/राजौरी। सुरक्षाबलों ने राजौरी जिले में आतंकियों के ठिकाने का पता लगा वहां से बड़ी संख्या में गोला- बारूद बरामद किया है। अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार खुफिया सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों ने पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के साथ मिलकर थानामंडी के मन्याल गली जंगलों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें आतंकी ठिकाने का पता लगाने में सफलता मिली जहां से बड़ी संख्या में गोला-बारूद बरामद किया गया है।

गुजरात में 10 रुपए के लिए 40 बच्चों ने हाथ काटे

अमरेली। गुजरात में एक गांव के सरकारी स्कूल में 40 बच्चों ने शार्पनर से अपने हाथ काट लिए। यह सभी 5वीं से 8वीं क्लास के स्टूडेंट्स हैं। इन्हें स्कूल के ही 7वीं क्लास के एक बच्चे ने टास्क दिया था कि जिसके हाथ ज्यादा घाव होंगे, उसे 10 रुपए इनाम दिया जाएगा। इस स्टूडेंट को वीडियो गेम में ब्लू व्हेल गेम खेलकर ऐसा टास्क देने का आइडिया आया था। पिछले 8-10 दिन से बच्चे अपने हाथ पर कट लगा रहे थे। बुधवार को एक बच्चे के हाथ में कट देखकर उसके पेरेंट्स ने स्कूल में जाकर इसकी शिकायत की, तब मामला उजागर हुआ।

'वन नेशन, वन इलेक्शन' को 32 दलों ने किया समर्थन

नई दिल्ली। देश में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को लेकर गुरुवार को राज्यसभा में चर्चा हुई, जिसमें सात सांसदों ने इस मुद्दे पर सवाल पूछे। विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विषय पर 47 राजनीतिक दलों से फीडबैक लिया गया, जिसमें से 32 दलों ने समर्थन किया, जबकि 15 दलों ने असहमति जताई। सरकार ने ईमेल के माध्यम से आम जनता से भी प्रतिक्रियाएं मांगीं, जिसमें 83% लोगों ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का समर्थन किया। यह मुद्दा लंबे समय से राजनीतिक और कानूनी बहस का विषय बना हुआ है। सरकार हितधारकों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद इस दिशा में आगे बढ़ने पर विचार कर रही है।

जल्द भारत का दौरा करेंगे पुतिन

रूसी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी का निमंत्रण स्वीकार किया

पिछले साल जुलाई में रूस की यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने दिया था निमंत्रण

मॉस्को। रूस ने गुरुवार को बताया कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत का दौरा करेंगे। वर्ष 2022 में यूक्रेन के साथ युद्ध छिड़ने के बाद से पुतिन की यह पहली भारत यात्रा होगी। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बताया कि पुतिन ने भारत का दौरा करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण को स्वीकार कर लिया है और इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। लावरोव ने कहा, पिछले साल चुनाव में फिर से चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहली विदेश यात्रा रूस की थी। लिहाजा, अब हमारी बारी है। हालांकि, उन्होंने यात्रा की तारीखों का अभी खुलासा नहीं किया।

2021 में पुतिन आए थे भारत

बता दें, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दिसंबर, 2021 में भारत की यात्रा की थी। इस दौरान दोनों देशों के बीच 28 समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। दरअसल, यूक्रेन युद्ध के बाद से जब 2023 में आईसीसी ने पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, तब से वह दूसरे देशों की यात्राएं करने से बचते रहे हैं। वर्ष 2023 में हुए जी-20 समिट में शामिल होने भारत नहीं आए थे। वहीं पिछले साल ब्राजील में हुए जी-20 समिट में भी हिस्सा नहीं लिया था।

पिछले साल मोदी ने की थी रूस की यात्रा

दरअसल, पीएम मोदी ने जुलाई 2024 में रूस की यात्रा की थी, जो लगभग पांच वर्षों में उनकी पहली रूस यात्रा थी। इससे पहले, उन्होंने 2019 में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए सुदूर पूर्वी शहर व्लादिवोस्तोक का दौरा किया था। पिछली यात्रा के दौरान मोदी ने पुतिन को भारत आने का आमंत्रण दिया था।

शरजील इमाम की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को शरजील इमाम की याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब तलब किया है। इमाम ने 2019 के जामिया हिंसा मामले में आरोप तय करने के अधीनस्थ अदालत के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

अदालत ने कार्यवाही रोकने से इनकार किया

न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ ने इस मामले में मौजूदा चरण में अधीनस्थ अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि, अदालत ने मुख्य याचिका और स्थगन आवेदन पर पुलिस को नोटिस जारी किया।

अधीनस्थ अदालत ने इमाम को हिंसा भड़काने का दोषी बताया

शरजील इमाम ने 7 मार्च के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें निचली अदालत ने उसे भीड़ को उकसाने और हिंसा भड़काने की साजिश रचने वाले प्रमुख लोगों में से एक माना था।

जंगल में लगी आग से 26 की मौत

30,000 एकड़ तक फैली जंगल की आग

37 हजार लोग घर छोड़कर भागे

एजेंसी । चेओंगसोंग

दक्षिण कोरिया देश इन दिनों अब तक की सबसे भीषण जंगल की आग घटना से जूझ रहा है। जंगल में लगी आग 30 हजार एकड़ तक फैल गई है और अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन दल को काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। हेलीकॉप्टर से जलते जंगल पर पानी डाला गया।

300 से अधिक इमारतें नष्ट

पिछले शुक्रवार से दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों में तेज हवाओं और शुष्क मौसम के कारण कई जंगल आग की चपेट में आ गए हैं। सरकार ने आग बुझाने के लिए हजारों कर्मियों, दर्जनों हेलीकॉप्टरों और अन्य उपकरणों को जुटाया है, लेकिन तेज हवाएं उनके प्रयासों में बाधा डाल रही हैं। अभी तक 37 हजार से अधिक लोग अपने घरों को छोड़ने पर मजूबर होना पड़ा है।

नकली सामान बेच रहे अमेजन-फ्लिपकार्ट!

नई दिल्ली। घर बैठे ऑनलाइन शॉपिंग का क्रेज बढ़ता जा रहा है, लेकिन मार्केट से भी कम रेट पर जो आपको सामान घर बैठे मिल रहा है वो वाकई ऑरिजनल है भी या नहीं? क्या आपने कभी इस बात को जानने की कोशिश की है? गोदाम से आपके घर तक पहुंचने वाले सामान के पीछे गड़बड़ घोटाला चल रहा है, चौंक गए न लेकिन ये बात सौलह आने सच है। पिछले कुछ दिनों से भारतीय मानक ब्यूरो की अलग-अलग जगहों पर छापेमारी चल रही है।

बलूचिस्तान में बंदूकधारियों ने 6 बस यात्रियों की हत्या की

हमला प्रांत के ग्वादर जिले की घटना, बस से उतारकर मारी गोली

तीन अन्य यात्रियों को अपने साथ ले गए हमलावर

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध विद्रोहियों ने एक यात्री बस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने बस रोककर यात्रियों के पहचान पत्र जांचे और पंजाब प्रांत के छह लोगों को उतारकर गोली मार दी। गुरुवार को अधिकारियों ने इस घटना की जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हफीज बलूच के मुताबिक, यह हमला ग्वादर जिले के ओरमारा राजमार्ग पर कलमात क्षेत्र के पास हुआ। ग्वादर से कराची जा रही बस को हथियारबंद लोगों ने बुधवार देर रात रोका। पहचान पत्र देखने के बाद छह यात्रियों को अलग कर गोली मार दी गई।

तीन यात्री लापता, किसी संगठन ने नहीं ली जिम्मेदारी

पुलिस के अनुसार, पांच यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने बाद में दम तोड़ दिया। हमलावर तीन अन्य यात्रियों को अपने साथ ले गए, जिनका अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। फिलहाल, किसी भी आतंकवादी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने की निंदा

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस जघन्य हमले की निंदा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्दोष यात्रियों को बस से उतारकर उनकी पहचान के आधार पर हत्या करना एक कायरतापूर्ण और निंदनीय कृत्य है।

मौसम की मार 90 फीसदी इलाकों में समय से पहले पारा पहुंच रहा 40 डिग्री सेल्सियस के पार

देश के अधिकांश हिस्सों में 40 के पार पहुंच रहा पारा

मौसम विभाग के ग्रिडेड डाटा से मिली जानकारी

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली सहित देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पर समय से पहले पहुंच रहा है। अधिकांश हिस्सों में तो एक हफ्ते पहले ही पारा 40 को पार कर जा रहा है। भारतीय मौसम विभाग के ग्रिडेड डाटा का विश्लेषण यह भी बताता है कि ज्यादातर जगहों पर 40 डिग्री तापमान लंबे समय तक रह रहा है।

91.2 फीसदी क्षेत्र जल्द पार कर रहे 40 की सीमा

1981-2010 की तुलना में 2015-2024 के दौरान देश के 91.2 फीसदी क्षेत्रों में 40 डिग्री तापमान जल्दी पार कर रहा है। 56.7 फीसदी क्षेत्रों में कम से कम एक हफ्ते पहले ही 40 डिग्री तक पारा पहुंच जा रहा है। दिल्ली में 40 डिग्री तापमान पिछले समय की तुलना में 10 दिन पहले ही पहुंच गया।

25 फीसदी हिस्से ही 40 से नीचे

भारत के लगभग 25 फीसदी हिस्सों जिनमें, पूर्वोत्तर राज्य, पर्वतीय इलाके, केंद्रशासित प्रदेश और दक्षिणी तटीय क्षेत्र ऐसे हैं जहां पारा 40 जिग्री सेल्सियस तक नहीं पहुंच रहा है। हालांकि इसका यह मतलब यह नहीं है कि वहां गर्मी नहीं बढ़ रही है। तटीय इलाकों में 40 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान भी शरीर के लिए अधिक नुकसानदेह हो सकता है, क्योंकि वहां नमी का स्तर अधिक होता है।

लंबे समय तक रह रही है गर्मी

40 डिग्री से अधिक तापमान हफ्तेभर पहले होने के साथ लंबे समय तक बरकरार भी रह रहा है। इससे लोगों को काफी दिनों तक गर्मी झेलनी पड़ रही है। जिन क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर है, उनमें 52 फीसदी जगहों पर लंबे समय तक रह रहा। 17 फीसदी जगहों पर यह एक हफ्ते या उससे ज्यादा देर तक 40 डिग्री या इससे ऊपर तापमान रह रहा।

80 फीसदी क्षेत्रों में बढ़ा है 40 डिग्री तापमान

भले ही 40 डिग्री तापमान की सीमा को पार करने वाले क्षेत्र का आकार उतना नहीं बढ़ा है। लेकिन ऐसे दिनों की संख्या जरूर बढ़ गई है। जिन क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर जाता है, उनमें से 80 फीसदी में ऐसे दिनों की संख्या में वृद्धि हुई है।

बच्चों की जान बचाने में भारत बना मिसाल, संयुक्त राष्ट्र ने की सराहना

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार कर पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौतों में 70% और नवजात शिशु मृत्यु दर में 61% तक की कमी लाकर दुनिया के लिए मिसाल पेश की है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा जारी इंटर एजेंसी ग्रुप फॉर चाइल्ड मॉर्टेलिटी एस्टिमेशन्स रिपोर्ट में भारत की इस उपलब्धि को सराहा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक,

आयुष्मान भारत योजना और स्वास्थ्य क्षेत्र में रणनीतिक निवेश से लाखों बच्चों की जान बचाने में सफलता मिली है।

आयुष्मान भारत योजना का बड़ा योगदान

भारत की आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसके तहत प्रत्येक परिवार को 5,500 डॉलर (लगभग 4.5 लाख रुपये) का बीमा कवरेज मिलता है। इससे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और जागरूकता अभियानों के जरिए नवजातों और छोटे बच्चों की देखभाल में व्यापक सुधार हुआ है।

भारत समेत 5 देशों का उल्लेख

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना और बुरुंडी का जिक्र करते हुए कहा गया कि इन देशों ने राजनीतिक इच्छाशक्ति, बेहतर निवेश, संसाधनों के सही उपयोग और प्रभावी निर्णयों के जरिए बच्चों की मौतों में भारी कमी लाई है।